डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

रॉयल पत्रिका के सफलतापूर्वक 19 वर्ष पूरे होने पर पाठकों को दिली मुबारकबाद।

# रॉयल पत्रिका

रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़ें पेज 5

वर्ष : 20 | अंक : 04 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 24 फ़रवरी से 02 मार्च 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## प्रदेश कांग्रेस पार्टी मजबूत विपक्ष की भूमिका में दिखाई दे रही है

### - प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली की जोड़ी काफी मजबूत दिखाई दे रही है

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मंत्री अविनाश गहलोत की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कटाक्ष के रूप में कांग्रेस की दादी बोला गया। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने विरोध किया और मंत्री से माफी मांगने की मांग की। दूसरी तरफ कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक गोविंद सिंह डोटासरा के साथ अन्य कांग्रेस विधायकों ने आसन के पास जाकर मंत्री अविनाश गहलोत की बात का तीव्र विरोध किया। सदन में शोरशराबा होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा को सोमवार तक निलंबित कर दिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना था कि हम भाजपा की सरकार को मनमानी नहीं करने देंगे। भाजपा वाले किसी के बारे में कुछ भी मनमानी से नहीं बोल सकते हैं। भाजपा सदन चलना ही नहीं चाहती है। क्योंकि विधानसभा में सरकार के मंत्री झूठ बोल रहे हैं, प्रदेश के विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, मंत्री सदन में प्रश्नों को सही जवाब नहीं दे पा रहे हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की जोड़ी का तालमेल भाजपा की बराबरी कर रहा है। सरकार का कोई भी मुद्दा हो विपक्ष जनता के बीच ले जाता है। कांग्रेस जमीन पर मजबूत हो रही है। इसका



मुख्य कारण है कि प्रदेश कांग्रेस में संगठन मजबूत हो रहा है। क्योंकि संगठन में उन जाति, समाजों के लोगों को पहली बार तरजीह दी जा रही है जो कांग्रेस को वोट देते हैं। कांग्रेस में स्लीपर सैल के लोगों को कम किया जा रहा है। इस समय कांग्रेस सड़क से सदन तक सक्रिय नजर आ रही है। पिछले 5 वर्ष कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के गुटों में ही फ़सी रही और दोनों गुटों में एक दूसरे के विधानसभा उम्मीदवारों को चुनाव में नुकसान पहुंचाया और कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई।

## रकमा प्रदेश कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (RAKMA) की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को जयपुर के होटल ग्रैंड इंडियाना में आयोजित हुआ।

इस समारोह की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जनाब अतीक अहमद ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीनियर आरएएस अधिकारी हाकम अली खान ने प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों को निष्ठा की शपथ दिलाई। समाजसेवी जनाब अबुल हसन कागजी इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

समारोह से पूर्व प्रदेश महासमिति सदस्यों की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें से प्रमुख निर्णय हैं: 1. आजीवन सदस्यता शुल्क में वृद्धि




– आजीवन सदस्यता शुल्क 2100 रुपये से बढ़ाकर 3100 रुपये कर दिया गया। 2. संगठन का स्थाई कार्यालय – रकमा प्रदेश कार्यालय के लिए संगठन की खुद की स्थायी जगह खरीदने पर सहमति बनी, जिसे सभी ने समर्थन दिया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। 3. अनुशासन कमेटी का गठन – संगठन में अनुशासन बनाए रखने के लिए एक पांच सदस्यीय अनुशासन कमेटी का गठन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से प्रदेश कार्यकारिणी और महासमिति के सदस्य उपस्थित हुए और अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद ने सभी से एकजुट होकर क़ौम की सेवा में निस्वार्थ रूप से काम करने का आह्वान किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जनाब जाहिद अली ने भी इन सभी मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

समारोह के दौरान सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

### - केंद्रीय गृह मंत्री पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक एवं डीजीपी डिस्क से किया सम्मानित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में सोमवार को राजस्थान पुलिस अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को केंद्रीय गृह मंत्री पदक,डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक व उत्कर्ष सेवा पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

परेड में चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन आरएसी, जयपुर आयुक्तालय की महिला पुलिसकर्मी, आयुक्तालय जयपुर के पुरुष पुलिस कर्मी व यातायतकर्मी, हाड़ी रानी महिला बटालियन, अजमेर, ईआरटी पांचवी बटालियन आरएसी, जयपुर एवं राजस्थान पुलिस अकादमी से एक-एक कुल आठ प्लाटून सम्मिलित हुई।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी आने वाले समय में और अधिक जोश में ऊर्जा के साथ अपने कार्य क्षेत्र में प्रदत्त कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

**केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित हुए 8 पुलिस अधिकारी**

केंद्रीय गृह मंत्री पद से सम्मानित होने वालों में उप महानिरीक्षक पुलिस गौरव यादव, पुलिस उपायुक्त अमित कुमार,सहायक पुलिस उपायुक्त गुमानाराम, पूर्व पुलिस निरीक्षक अमित सिहाग (मरणोपरांत) , पुलिस निरीक्षक सज्जन कँवर एवं पूनम चौधरी,सहायक पुलिस निरीक्षक मदनलाल मीणा, हेड कांस्टेबल पूसाराम शामिल है। कार्यक्रम में मरणोपरान्त गृह मंत्री पदक से सम्मानित अमित सिहाग की पत्नी संतोष चौधरी ने सम्मान प्राप्त किया।

**डीजीपी डिस्क से सम्मानित हुए पुलिस अधिकारी**

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में महानिदेशक (एसीबी) डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा,महानिदेशक (इंटेलिजेंस) संजय अग्रवाल, महानिदेशक (जेल ) गोविंद गुप्ता, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राइट्स एंड एंटी ह्मन ट्रैफिकिंग ) मालिनी अग्रवाल, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) विशाल बंसल, अतिरिक्त महानिदेशक (एटीएस एवं एसओजी ) विजय कुमार सिंह, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विपिन कुमार पांडे, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (जेल) रुपिंदर सिंघ,अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (आरपीए) लता मनोज कुमार, महानिरीक्षक प्रफुल्ल कुमार, राजेश मीणा,गौरव श्रीवास्तव, एस.प्रमिला,ओमप्रकाश, जयनारायण शेर एवं कैलाश चंद्र जाट (सेवानिवृत्त ),उप महा निरीक्षक हरेंद्र कुमार महावर, राहुल कोटोकी, डॉक्टर राहुल जैन, राजेंद्र प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुंवर राष्ट्रदीप,उप महानिरीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ रामेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक गौरव यादव, अरशद अली, चूनाराम जाट एवं सुधीर चौधरी शामिल हैं।

**11 पुलिस अधिकारी अति उत्कर्ष सेवा पदक से सम्मानित**

महानिदेशक, एसीबी डॉ रवि प्रकाश मेहरडा, महानिदेशक एससीआरबी हेमंत प्रियदर्शी, महा निरीक्षक पुलिस रवि दत्त गौड़, पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, महानिरीक्षक पुलिस जय नारायण, महानिरीक्षक पुलिस सत्येंद्र सिंह, महानिरीक्षक पुलिस (सेवानिवृत्त ) सवाई सिंह गोदारा , उप महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश, उप महानिरीक्षक (सेवानिवृत्त) समीर कुमार सिंह , उपमहानिरीक्षक जगदीश चंद्र शर्मा, उप महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र प्रसाद गोयल शामिल है।

**6 पुलिस अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवा पदक**

सम्मानित होने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अनिल पालीवाल,पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसेफ, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस बिनीता ठाकुर, संजीव कुमार, विशाल बंसल,विजय कुमार सिंह शामिल है ।

## दाई हलीमा हॉस्पिटल का उद्घाटन

### - भीलवाड़ा की जनता को मिली सौगात

भीलवाड़ा, (रॉयल पत्रिका)। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। दाई हलीमा मैटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन राजस्थान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष खानू खान बुधवाली के कर-कमलों द्वारा धूमधाम से किया गया। यह अस्पताल राजस्थान वक्फ बोर्ड की जमीन पर स्थापित किया गया है और इसे ट्रस्ट के माध्यम से संचालित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के दौरान एक भव्य कुरआनखानी का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उद्घाटन के मौके पर विशेष दुआ का आयोजन भी किया गया, जिसमें शहर की खुशहाली और स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए प्रार्थना की गई। दाई हलीमा अस्पताल ट्रस्ट के सदस्यों ने जानकारी दी कि यह अस्पताल जरूरतमंदों के लिए सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। ट्रस्ट ने संकल्प लिया कि अस्पताल के जरिए बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे आमजन को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानू खान ने वक्फ की संपत्ति का सही उपयोग आम जन की भलाई के लिए करने की बात कही और बताया कि इस अस्पताल की स्थापना से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए यह पहल महत्वपूर्ण बताया। उद्घाटन समारोह में ट्रस्ट के चेयरमैन रफीक अंसारी, सेक्रेट्री मोहम्मद असलम, दाई हलीम चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य एवं वक्फ बोर्ड राजस्थान के निर्वाचित सदस्य शब्बीर शेख सहित शहर के गणमान्य नागरिक, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और इसे भीलवाड़ा की स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। इस शुभ अवसर पर दाई हलीमा अस्पताल ट्रस्ट ने सभी आगंतुकों, शहरवासियों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि यह अस्पताल समाज के हर वर्ग के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।इस नए अस्पताल के शुभारंभ से चिकित्सा क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा।








**दाई हलीमा मेटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल**

दाई हलीमा मैटरनिटी एंड जनरल हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में वक्फ की जमीन पर बनाया गया है। राजस्थान में यह पहला अस्पताल है जो वक्फ की जमीन पर अच्छे उद्देश्य को लेकर बनाया गया है। भीलवाड़ा के दाई हलीमा ट्रस्ट के जिम्मेदारों ने कोरोना काल में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को इलाज में आई परेशानियों को देखते हुए यहां अस्पताल बनाने का निर्णय लिया। दाई हलीम ट्रस्ट के अध्यक्ष रफीक खान और उनकी टीम ने दिन-रात मेहनत करके, लोगों से चंदा करके एक शानदार अस्पताल का निर्माण करवाया है। अस्पताल के निर्माण में वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉक्टर खानु खान और सदस्य शब्बीर शेख ने भी बड़ा योगदान दिया है। जबकि वक्फ बोर्ड से संबंधित कुछ लोगों ने अस्पताल बनाने में अड़चन डालने की पूरी कोशिश की थी। दाई हलीम ट्रस्ट के लोगों की नेक-नियति की तारीफ करनी होगी, क्योंकि पूरे प्रदेश में और जयपुर शहर में बड़े-बड़े लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करके बैठे हैं और वहां हॉस्टल, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज एवं सामुदायिक भवन बनाने का विरोध करते हैं। वक्फ के पास हजारों बीघा जमीन है जिनका सदुपयोग करके मुस्लिम समुदाय का कल्याण किया जा सकता है



# अहीर रेजीमेंट ध्यानाकर्षण सभा को लेकर यादव समाज के लोगों ने किया जनसंपर्क




चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। आगामी 2 मार्च को जयपुर शहर में आयोजित होने वाले अहीर रेजिमेंट ध्यानाकर्षण सब को लेकर विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव के नेतृत्व में विभिन्न आस- पास के गांव में पहुंचकर यादव समाज बंधुओ से जनसंपर्क किया और साथ ही पीले चावल निमंत्रण देकर 2 मार्च को सभा में पहुंचने की अपील की। इस मौके पर विश्व परिषद के अध्यक्ष रामदेव यादव ने बताया कि चौंमू विधानसभा एवंम तहसील फागी की ग्राम पंचायत मंडोर गड़डा, नैनसया सहित अन्य ग्रामों में जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। इसके बाद में ग्राम पंचायत बेगस सहित ग्रामों में जाकर जोर-शोर से जनसंपर्क किया। इस मौके पर समाज के बांधों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सब भाग में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। सब में सरकार से अहीर रेजिमेंट की मांग की जाएगी।

इस कार्यक्रम में जनसंपर्क के अवसर पर सुरेश यादव, मीडिया प्रभारी भगवान सहाय यादव, फौजी राम सिंह यादव, मोहन यादव, कैलाश चंद यादव, सीताराम बेगस वाले, चौमू से गोवर्धन यादव, मंडोर नारायण यादव, चित्तौड़ से कैलाश यादव, रामपाल बगवाडिया, गड़डा से पूर्व सरपंच छीतरमल यादव सहित समाज के सैकड़ों लोग ने जगह-जगह पंचायत में सभा को लेकर जनसंपर्क किया ।

# नांगल- गोविंद व सिरसा नांगल में बच्चों के वजन व लंबाई की जांच की



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। कलेक्टर जयपुर के आदेशानुसर बाल विकास परियोजना अधिकारी गोविंदगढ़ मनोरमा शर्मा के सानिध्य में लड़ेश्वर किट का कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय बगड़ी में संचलित आंगनबाडी केंद्र नांगल गोविंद पंचायत के परिक्षेत्र सिरसा, नांगल गोविंद, मालियों की ढाणी, बागड़ी, जादू वाली ढाणी, रणजीत पुरा, मनावाली, हरसोलाई केंद्र में आने वाले जीरो से छह वर्ष तक के कुपोषित अति कुपोषित बच्चों को वितरण किए। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षक विद्या शर्मा ने बताया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का वजन व लंबाई की जांच की जाती है, उसमें जो बच्चा कुपोषित अति कुपोषित की श्रेणी में आता है उनका वजन साप्ताहिक लिया जाता है और उनको आंगनबाड़ी के द्वारा पोषाहार एवं हर महीने भामाशाह द्वारा लड़ेश्वर किट पिछले दो माह से दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में उर्मिला शर्मा, निर्मला शर्मा, फूली देवी, रामादेवी, चंद्राकर, गोविंद कंवर एवं ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया।

## घर तलाश करता हूं ...

मैं कौशिशों से मुकद्दर तलाश करता हूं
क़तरे क़तरे में समन्दर तलाश करता हूं
मुझे ना छेड़ मेरी प्यास में क़रार नहीं
जो आब दे मैं वो पत्थर तलाश करता हूं
किसी की ज़िद ने लोगों को किया बेघर
ऐसे अशखास के मैं घर तलाश करता हूं
ना पूछ मुझसे कलेजा निकालने वाले
जो खो गया मैं वो खन्जर तलाश करता हूं
ना जाने कितने नामुराद खो गये हैं यहां
उन्हीं के वास्ते बेहतर तलाश करता हूं
ज़माना बहता रहेगा के दरिया की तरह
मैं अब भी आईन में मन्ज़र तलाश करता हूं
तुम्हीं कहो क्या वादों पर एतबार करुं
जो कहके करदे वो कलन्दर तलाश करता हूं
तवील नींद की अब आहट सुनाई देती है
अब अपने वास्ते बिस्तर तलाश करता हूं

**मौलिक रचना:- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव (सेवानिवृत्त)**
**मो.98286 68877**

# कांग्रेस के निलंबित विधायकों का निलंबन तुरंत रद्द करावें: डॉ. सुमित गर्ग



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका) राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ सुमित गर्ग ने बयान जारी कर कहा कि पहले जानबूझकर योजनाबद्ध तरीके से शहीद पूर्व प्रधानमंत्री वीरांगना इंदिरा गांधी का अपमान कर कांग्रेस के विधायकों को उत्तेजित करना फिर उन्हें निलंबित करना इस बात का द्योतक है कि सरकार सदन नहीं चलना चाहती सरकार जानती है कि जो जन विरोधी बजट वह लेकर आई है अगर उस पर चर्चा होगी तो परते खुल जाएंगी और वह जनता के सामने मुंह नहीं दिखा पाएगी अतः इससे बचने के लिए सरकार ने जान बूछ कर यह अलोकतांत्रिक कृत्य किया ।अगर सरकार वाकई चाहती है सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले तो तुरंत प्रभाव से मुख्यमंत्री अपने मंत्री को यह आदेशित करें कि शहीद प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा को लेकर उन्होंने जो असंवेदनशील टिप्पणी की थी उस पर माफी मांगे और विधानसभा अध्यक्ष को चाहिये कि वे कांग्रेस के निलंबित विधायकों का निलंबन तुरंत प्रभाव से रद्द करावें। अन्यथा प्रदेश कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक जोर-शोर से इस लड़ाई को लड़ेगी। चाहे उसके लिए कोई कीमत चुकानी पड़े।

# ग़रीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं सहित सभी वर्गों के समग्र उत्थान हेतु समर्पित ऐतिहासिक बजट- रामलाल शर्मा



चौमूँ (रॉयल पत्रिका) । भगवान सहाय यादव राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भजनलाल सरकार दूसरा पूर्ण बजट पेश किया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में किसान, युवा सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में घोषणा अनुसार 150 यूनिट फ्री बिजली, मुफ्त बिजली के लाभार्थी परिवारों के घरों पर सोलर प्लेट लगाये जाने तथा सामुदायिक सोलर प्लांट लगाकर उन्हें लाभ दिया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों को अब सालाना 9000 हजार रुपए दिए जाएंगे। युवाओं के लिए 125000 लाख की नई भर्ती निकाली जाएगी। प्राइवेट सेक्टर में भी डेढ़ लाख नौकरियां दिलवाई जाएगी। बजट में चौमूँ विधानसभा में 22.55 करोड़ की सड़कें, हस्तेडा को पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत, खेडापति बालाजी मंदिर विकास, टाटियावास में नवीन पुलिस चौकी आदि सहित अन्य कार्य स्वीकृत किए गए हैं। 5 लाख नए घरेलू बिजली कनेक्शन और 5 हजार नए कृषि कनेक्शन की घोषणा की गई। पेयजल के लिए तकनीकी कर्मचारियों का संविदा केडर बनाया जाएगा। इसके लिए 1050 नए पद होंगे। एक हजार ट्यूबवेल्स और 1500 हैंडपंप लगाए जाएंगे। 10 गीगावाट के बिजली पावर प्लांट लगेंगे, दूसरे राज्यों से महंगी बिजली खरीदने की बिजली बैंकिंग व्यवस्था बंद होगी। 5 हजार करोड़ से ज्यादा से सड़क, ब्रिज का उन्नयन कार्य किया जाएगा। 2750 किमी से ज्यादा लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनेंगे। 60 हजार करोड़ रुपए की लागत हो आएगी। बीओटी मॉडल पर बनेंगे। 21 हजार किमी सड़कें 6 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएंगी। हर विधानसभा में 10-10 करोड़ की राशि से नॉन-पैचेबल सड़कों के कार्य करवाए जाएंगे। रोडवेज को 500 नई बसें मिलेंगी। शहरी क्षेत्रों में भी 500 बसें मिलेंगी। 15 शहरों में रिंग रोड बनेंगे। 2750 किमी से ज्यादा लंबाई के 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे बनेंगे। 10 लाख नए परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जोड़ा जाएगा। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'हर घर खुशहाली' की संकल्पना को साकार करते हुए ग़रीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के समग्र उत्थान हेतु समर्पित ऐतिहासिक बजट है।

# वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है :- मोहम्मद शफी




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर के शास्त्री नगर क्षेत्र में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इण्डिया (राजस्थान) की ओर से वक्फ संशोधन विधेयक बिल के खिलाफ दिनांक 18/2/2025 को वक्फ की सुरक्षा, समाज की सुरक्षा के नाम से एक विशाल जनसभा सम्पन्न हुई, जिसमें हजारों लोगों ने शिरकत की सभा को सम्बोधित करते हुए एस. डी. पी.आई. के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद शफी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार वक्फ जायदादों को हड़पने की साज़िश कर रही है, पहले सरकार ने जे०पी०सी का षडयंत्र किया। फिर विपक्षी सांसदो के जे.पी.सी. में दिये गये डिसेंट नोट्स को खारिज कर दिया और अब सरकार बहुमत के बल पर यह कानून थोपने की कोशिश कर रही है। पार्टी इस कानून को रोकने लिए हर संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करेगी और बिल वापस नहीं होने तक पूरे देश में अपना संघर्ष जारी रखेगी, सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव यास्मीन फारुकी ने कहा कि वक्फ जायदादें अल्लाह की जायदादें हैं और यह हमारे बुज़ुर्गों ने वक़्फ़ की थी इसमें सरकार की कोई दखल अंदाज़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।
सभा को सम्मोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन ने कहा कि यह बिल हमारी शरियत में दखल है और संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों पर हमला है, सरकार वक्फ जायदादों को हड़पने की जो साजिश कर रही है, उसे किसी भी सूरत में कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। सभा को प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. शहाबुद्दीन, वीमेंस इंडिया मूवमेंट की राष्ट्रीय महासचिव अफ्शा अज़ीज़, वीमेंस इंडिया मूवमेंट की स्टेट प्रेसिडेंट फरीदा सय्यद एवं राजस्थान प्रभारी मेहरुन्निसा खान ने भी सम्बोधित किया एवं जयपुर जिला अध्यक्ष ज़फर अहमद ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और प्रोग्राम कन्वीनर सिकन्दर अली ने सभा में शामिल होने वाले सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।
पहले तो प्रशासन ने जन सभा के तय स्थान पर कार्यक्रम करने में अड़चन की उसके बाद कार्यक्रम को सड़क पर ही थाने के सामने पार्टी के नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया।

# रोज़े के टाईम टेबल का हुआ विमोचन

मोहम्मद यासीन



नागौर (रॉयल पत्रिका)। दरगाह बड़े पीर साहब में 19 फ़रवरी बरोज बुध को मगरिब की नमाज़ के बाद आगामी मार्च में शुरू होने वाले पवित्र रमज़ान माह के रोज़ों का टाईम टेबल का विमोचन दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद सदाकत अली जीलानी ने किया। जीलानी ने बताया की अगर चाँद 29 का हुआ तो पहला रोज़ा एक मार्च बरोज़ शनिचर को होगा। जिसमे सेहरी का खत्म वक़्त 5 बजकर 37 मिनिट पर होगा और इफ्तार का समय 6 बजकर 40 मिनिट का रहेगा। अगर 29 के चाँद के अनुसार रोज़ा नहीं हुवा तो फिर 30 के चाँद के अनुसार पहला रोज़ा 2 मार्च बरोज़ इतवार को होगा। जिसमे ख़त्म सेहरी का वक़्त 5 बजकर 36 मिनिट पर होगा तथा इफ्तार 6 बजकर 40 मिनिट का होगा । जीलानी ने ये भी बताया की ये टाईम टेबल शहर नागौर और आस पास के क्षेत्रों के लिए नागौर के जामए हुमेरा मदरसा हमीदुल उलूम के दायमी टाईम टेबल के अनुसार तैयार किया गया है। जीलानी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रोज़ो मे दरगाह बड़े पीर साहब के बुलंद दरवाजे पर लगा सायरन दिन में तीन बार बजाया जायेगा जिसमें रात्रि ढाई बजे सेहरी करने के लिए जगाने हेतु, सेहरी का समय ख़त्म होने पर एवम शाम को इफ्तार का समय होने पर बजाया जायेगा। जीलानी ने रोज़ेदारों के लिए कहा की मोबाईल कि घड़ी से समय का मिलान करें तथा दरगाह में लगा सायरन रोज़े के टाईम टेबल के अनुसार ही बजाया जायेगा।

# वतन फाउंडेशन टीम की मीटिंग आयोजित

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। टीम वतन फाउंडेशन "हमारा पैगाम भाईचारे के नाम" के साथ लगातार सामाजिक कार्यक्रम को लेकर समर्पित टीम वतन फाउंडेशन ने रविवार को आगामी कार्यक्रमों, एवं नवीन कार्यकारणी गठन को लेकर कलाम वाटिका पार्क में मीटिंग आयोजित की।फाउंडेशन के मुखिया हुसैन आर्मी ने बताया कि फाउंडेशन की मासिक मीटिंग में फाउंडेशन के द्वारा विगत 27 दिनों से चलाए जा रहे मिशन मोहब्बत की रसोई को आगामी दिनों में पूरे साल के 365 दिन निरंतर जारी करने की मुहिम को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर हुसैन आर्मी,प्रोफेसर रामलाल बैरवा,कैलाश सिसोदिया, राजेश शर्मा,मुकेश जैन,आसिफ रजा,आशीष,टीम की महिला विंग कमांडर रूमा नाज, मंजू गंगवाल,सुनीता मधुकर, सुनीता गोमे,रजनी लक्ष्यवाल,सुमन शर्मा सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।


# मदरसा खेल महोत्सव ' लहर 2025' पूर्ण रूप से सफल नहीं रहा

## - विजेता रहे कई बच्चों को लोपग नहीं मिली शील्ड, जिला मुख्यालय की जगह उपखंड पर हुई फाइनल प्रतियोगिता



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला अल्पसंख्यक विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा दो दिवसीय खेल महोत्सव 'लहर-2025' का आयोजन हुआ। जिसमें 20 फरवरी 2025 को प्रथम ब्लॉक स्तरीय खेल महोत्सव पर मदरसों के बच्चों ने अपनी_अपनी प्रतिभा दिखाई। राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर से जिले में पंजीकृत/संचालित 162 मदरसों में पहली बार ब्लॉक मदरसा खेल महोत्सव- 2025 का आयोजन में बच्चों ने भाग लिया और इनमें से विजेताओं का फाइनल 22 फरवरी को जिला स्तर पर हुआ। जो कि तहसील मलारना डूंगर में आयोजित करवाया गया। जबकि इसका कार्यक्रम मुख्यालय पर होना चाहिए था। सभी 6 ब्लॉक की टीमें खो खो, क्रिकेट, रस्साकशी लंबी कूद शटल ओर नींबू चम्मच जैसे ओर भी कई खेल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मलारना डूंगर प्रधान देवपाल मीना रहे एवं अध्यक्षता जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज मीना ने की। फाइनल मैच में जीते 2-3 बच्चों को शील्ड नहीं मिली। जिससे बच्चे काफी हताश और निराश नज़र आए। दो दिन की लंबी मेहनत के बाद भी उनको हौसला नहीं मिला, इससे पता चलता हे कि कार्यक्रम में कितनी खामियां रही होगी। प्रथम दिन हुए मैच भी 2 घंटे की देरी से शुरू हुआ। जिसकी वजह से बच्चों को चिलचिलाती हुई धूप में लंबा इंतज़ार करना पड़ा।

# राष्ट्रीय कार्यशाला में मोहम्मद नासिर ने किया सवाई माधोपुर का प्रतिनिधित्व




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। आरएससीईआरटी निदेशक श्वेता फोगटिया के आदेश पर राजस्थान के 28 शिक्षकों ने मिडिल स्टेज कक्षा में व्यावसायिक शिक्षा हेतु केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षण संस्थान भोपाल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 11.2.025 से 13.02.025 में मोहम्मद नासिर अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मखौली ब्लॉक सवाई माधोपुर ने भाग लिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रभागाध्यक्ष डॉ विपिन कुमार जैन ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा के तीनों आयामों जीवन रूपी मशीनों के साथ काम और मानव सेवाओं को साथ समझाने के लिए एक शिक्षक बच्चों के आस पास के परवेश से पौधे, जानवर, मानव और सूक्ष्म जीव के जीवन रूपों के उदाहरण, मशीनों के डायग्राम और मॉडल से और स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों के उदाहरण लेकर, शिक्षक समुदाय को साथ लेकर,गतिविधियों से 3h की समझ (हैंड, हेड, हार्ट) तक समझ विकसित कर सकता है। प्रशिक्षण के समापन पर डॉक्टर दीपक पालीवाल संयुक्त निदेशक केंद्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल ने कहा कि एन ई पी 2020 के अनुसार नए दौर में व्यावसायिक शिक्षा की महती आवश्यकता है इस प्रशिक्षण का उद्देश्य भी यही है की मिडिल स्टेज पर बच्चों पर अपनी पसंद के व्यवसाय में लगाव पैदा कर आने वाले समय में अकादमी शिक्षा के साथ-साथ व्यवसायिक रूप से बच्चे हुनर बंद बने जिससे वह राष्ट्र के विकास में योगदान दे सके।सवाई माधोपुर से मोहम्मद नासिर ने इस प्रशिक्षण में अपनी बात रखते हुए कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ कुछ व्यावसायिक स्किल भी डेवलपमेंट होना चाहिए। जैसे इलेक्ट्रीशियन, फीटर, प्लंबरिंग, कबाड़ से जुगाड़, अनूप योगी सामग्री से उपयोगी सामग्री का निर्माण करना आदि। इस प्रशिक्षण में उन्होंने विभिन्न प्रकार के व्यवसाय से संबंधित एक बेहतरीन गतिविधि का आयोजन भी करवाया।प्रशिक्षण में किचन गार्डन मशीनों से परंपरागत और नए दौर के नए व्यवसाय के साथ व्यावसायिक शिक्षा के तीनों आयामों पर प्रशिक्षण कक्षा और कक्ष के बाहर प्रैक्टिकल रूप से सीखने का अवसर मिला। इसके लिए डॉक्टर वीके जैन डॉक्टर वीएस मेहरोत्रा प्रोफेसर आरके पाठक डॉ विनोद यादव प्रोफेसर पूनम विरैया दीक्षा चौरसिया, असिस्टेंट प्रोफेसर संध्या जाट और केंद्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने विचारों से अवगत कराया डायट सवाई माधोपुर के प्रभाग अध्यक्ष उमेश कुमार वर्मा ने केंद्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल का धन्यवाद आभार प्रकट किया।

# शाहिद इकबाल भाटी काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नगर अध्यक्ष नियुक्त

## - पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल ने सौंपा नियुक्ति पत्र

शब्बीर हुसैन



बारां, (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहने वाले मुस्लिम छात्र संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी को पूर्व मंत्री प्रमोद ज़ेन भाया, पूर्व विधायक पानाचंद मेघवाल, प्रदेश काँग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष आबिद काग़ज़ी व जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी की अनुशंसा पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शाहिद कुंडी ने बारां शहर काँग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है । भाटी की नियुक्ति के पश्चात उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। समर्थकों द्वारा माला पहनाकर मुंह मीठा करवाकर उनका इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर पार्षद परवेज खान, पूर्व पार्षद अख़लाक़ अंसारी, पूर्व प्रदेश सचिव व शायर रईस फेजी, जुनेद अंसारी, महफ़ूज़ खान, शहजाद अंसारी, आकीब अली, वाजिद अली सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त नगर अध्यक्ष शाहिद भाटी को मुबारकबाद पेश की।

# सांचौर उपकारगृह में शिविर का आयोजन कर कानूनी सेवाओं की जानकारी दी



सांचौर, (रॉयल पत्रिका)। उपखण्ड मुख्यालय पर तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर की ओर से उपकारगृह में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौर के सचिव एवं अपर जिला सेशन न्यायधीश अहसान अहमद और तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्याम सुन्दर के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में बंदियों को निःशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी गई। पैनल अधिवक्ता विजयकुमार सिंह राठौड़ ने 8 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने बंदियों को अधिकारों पर भी जानकारी दी। इस मौके पर अधिकार मित्र रमेश कुमार गर्ग ने निःशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।
-संपादक

Scan Here

# अर्श हुसैन ने इंग्लिश ओलिंपियाड में जीता गोल्ड मेडल




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 6 के छात्र अर्श हुसैन ने एसओएल इंटरनेशनल ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल हासिल कर जयपुर और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इस बहुप्रतिष्ठित ओलंपियाड में अर्श ने देश में 336 एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 674वीं रैंक प्राप्त की। अर्श हुसैन समाजसेवी निशात हुसैन के पोते हैं। बता दे कि प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस इंग्लिश ओलिंपियाड में लगभग में 32 लाख बच्चे भाग लेते हैं।

# जयपुर में मदरसा छात्रों का पहला खेल महोत्सव "उमंग 2025"

## - अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मदरसे के 450 बच्चों ने दिखाया दमखम

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सवाई मानसिंह स्टेडियम में रविवार को मदरसा छात्रों के पहले जिला स्तरीय खेल महोत्सव "उमंग 2025" का आगाज़ हुआ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध की पहल पर आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में राजस्थान मदरसा बोर्ड से पंजीकृत जिले के 14 ग्रुप्स से तकरीबन 450 बच्चों ने शिरकत की। खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी, रूमाल झपट्टा, 50 व 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद





जैसे 14 खेलों में नन्हे खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और जुनून से सबको हैरान कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अभिषेक सिद्ध ने मशाल जलाकर की। यह पहला मौका था जब मदरसा के बच्चों ने एसएमएस स्टेडियम जैसे विश्वस्तरीय मैदान पर अपने कदम रखे, जहां अक्सर अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले होते हैं। एक प्रतिभागी आलिया खान ने उत्साहित होकर कहा, "हमारा यहां खेलने का सपना सच हो गया। कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी गुलफाम नागोरी को विशेष सहयोग के लिए सम्मान दिया गया, जबकि ग्रुप-9 के रय्यान ने लंबी कूद में रजत पदक जीता। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने कहा, "इस आयोजन से बच्चों का आत्मविश्वास और साथियों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। हम उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर निखारने के लिए प्रयासरत हैं।" निर्णायक मंडल में डॉ. गफ्फार अली और हरेंद्र कुमार शामिल रहे, जबकि स्वागत समिति में सुनीता बर्मन व चेतना चौधरी ने सहयोग दिया। इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए प्रतिभागियों के लिए नाश्ता और भोजन का इंतेज़ाम किया गया। छात्रों ने न सिर्फ़ खेलों में बल्कि इस पुरजोशी भरे माहौल में भी अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की। "उमंग 2025" न सिर्फ़ मदरसा छात्रों के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि यह समाज को यह सीख देता है कि हिम्मत और मेहनत से



हर मंज़िल मुमकिन है। आगे भी ऐसे आयोजनों से बच्चों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की उम्मीद है।

# दी टैक्स बार एसोसिएशन (रजि.) राजस्थान की प्रथम वर्चुअल बैठक का आयोजन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। दी टैक्स बार एसोसिएशन राजस्थान जो कि विशुद्ध रूप से टैक्स एडवोकेटस से बना बार एसोसिएशन है और जिसका हाल ही में पंजीयन करवाया गया है। इस बार एसोसिएशन की प्रथम वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान के सभी अंचलों से सभी संस्थापक सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक मे सभी सदस्यों ने अपना परिचय दिया तथा संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. उमराव सिंह यादव ने एसोसिएशन के उद्देश्यों और अब तक की प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा सभी उपस्थित सदस्यों से सुचारू संचालन हेतु सुझाव आमंत्रित किये। बैठक का संचालन महा सचिव एडवोकेट डॉ. राम चन्द्र यादव ने किया। बैठक में संस्थापक सदस्यों में अध्यक्ष एडवोकेट डॉ. उमराव सिंह यादव और महा सचिव एडवोकेट डॉ. राम चन्द्र कोषाध्यक्ष एडवोकेट, डॉ. विष्णु भारद्वाज जयपुर, संयुक्त सचिव एडवोकेट भगवती लाल




जैन राजसमंद, एडवोकेट लोकेश बाबेल उदयपुर, एडवोकेट ललित पांचाल डूंगरपुर, एडवोकेट ओम प्रकाश बड़ोदिया कोटा, एडवोकेट शुभा मूंदड़ा कोटा, एडवोकेट पवन गौतम गंगापुर सिटी, एडवोकेट नरेंद्र शर्मा गंगापुर सिटी, एडवोकेट अरविंद शर्मा चूरू, एडवोकेट राजेश भावसिंहा चूरू, एडवोकेट दीपक सिंगला श्री गंगानगर, एडवोकेट मुरली मोहन बयाना, एडवोकेट तनुज अग्रवाल जयपुर, एडवोकेट सज्जाद अजीज जयपुर, एडवोकेट नितिन मारोठिया जयपुर, एडवोकेट नौरतन शर्मा जयपुर, शुभम सिंहल महवा, एडवोकेट आशीष सारस्वत, हिन्डौन आदि ने भाग लिया और एसोसिएशन के कुशल संचालन हेतु अपने मूल्यवान सुझाव दिये। सभी ने भविष्य में पूर्ण जिम्मेदारी से सहयोग करने हेतु भरोसा दिलाया एवं एक स्वर से इस बार एसोसिएशन के गठन की आवश्यकता बताई। अंत में महासचिव ने सभी का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया और अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की।

# राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (RAKMA) की जयपुर जिले की नई कार्यकारिणी गठित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (RAKMA) की जयपुर जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अतीक अहमद की सहमति से और जयपुर जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर ने एसोसिएशन के संविधान की धारा 15 क (VI) के तहत विभिन्न पदों पर मनोनयन किया गया है। इस अवसर पर जयपुर की कार्यकरिणी भी घोषित कर दी गई। संरक्षक मंडल में जाहिद अली सिद्दीकी (अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, NNJ), अकबर खान (रिटायर्ड राजस्व अधिकारी), मुख्तार अहमद (वरिष्ठ उपशासन सचिव रिटायर्ड) और हाजी सलीम खान (रिटायर्ड राजस्व अधिकारी NNJ) को शामिल किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद आबिद अंसारी (RAI SA हाईकोर्ट), फारुक खान पठान (सहायक सचिव विधानसभा), अब्दुल हनीफ (सीनियर ऑडिटर भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा विभाग), गुमानी खान (रिटायर्ड प्रिंसिपल), डॉ फैजल खान (मेडिकल ऑफिसर), अब्दुल रज्जाक नियाजी (SBI रिटायर्ड), युसूफ कुरैशी (IVVNL, आमेर) और अब्दुल मजीद नकवी (PCD सचिवालय) को नियुक्त किया गया है।

उपाध्यक्ष पद पर आरिफ हसन नकवी (शिक्षा), फारुख अली अहमद (अध्यापक), मोहम्मद शोएब खान (अधिशाषी अभियंता JDA), मोहम्मद इमरान बहलीम (नर्सिंग सुपरिडेंट), शाहबाज खान (निजी सहायक CM ऑफिस), मजरदीन (सहायक अभियंता PHED), अब्दुल हफीज नकवी (नर्सिंग ऑफिसर) और नसरूद्दीन खान (चेयरमैन राज हज कमेटी) को शामिल किया गया है।

महासचिव पद पर जाहिद हुसैन (SMS मेडिकल शिक्षा विभाग) को नियुक्त किया गया है। संगठन महासचिव के रूप में आरिफ मोहम्मद (अतिरिक्त प्रोग्रामर शासन सचिवालय), सादिक (नर्सिंग ऑफिसर) और सय्यद अखलाक (नर्सिंग ऑफिसर SMS) को मनोनीत किया गया है। कोषाध्यक्ष पद पर अब्दुल रहमान (रिटायर्ड MLM, SMS) को नियुक्त किया गया है। सह कोषाध्यक्ष के रूप में मोहम्मद हनीफ (नगर निगम जयपुर) और जियाउद्दीन (नर्सिंग ऑफिसर रामगंज डिस्पेंसरी) को शामिल किया गया है। प्रवक्ता पद पर मोहम्मद अली मनसूरी (नगर निगम हेरिटेज) को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर फ़िरोज अनवर (वरिष्ठ सहायक नगर निगम जयपुर), फ़िरोज़ खान (टाइम कीपर, नगर निगम जयपुर), शाहिद अहमद (नर्सिंग ऑफिसर), अमीन (नर्सिंग ऑफिसर कांवटिया), बाबु खान (व्याख्याता शिक्षा विभाग), मोहम्मद युसूफ (मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक NNJ), अखलाक उस्ता (अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी उद्योग विभाग) और अब्दुल वाहिद खान (असिस्टेंट प्रोग्रामर शासन सचिवालय) को मनोनीत किया गया है। संगठन सचिव के रूप में मो इस्लाम नकवी (नर्सिंग ऑफिसर), मुनव्वर अली (नगर निगम हेरिटेज), मोहम्मद ताहीर शेख (JVVNL, RSEB) और मोहम्मद जुनैद (LDC, नगर निगम हेरिटेज) को नियुक्त किया गया है। संयुक्त सचिव पद पर नईम अख्तर (नर्सिंग ऑफिसर), अब्दुल रशीद (प्रशासनिक अधिकारी JDA), रिजवान अहमद (नर्सिंग ऑफिसर) और अल्ताफ हुसैन (मुदर्रिस, अध्यापक) को मनोनीत किया गया है।

उपसचिव पद पर अब्दुल वहाब (व.अध्यापक रि.) अब्दुल अलीम (गणगोरी हॉस्पिटल) मोहम्मद यूनुस (N.O., जनाना हॉस्पिटल) वसीम अहमद (LDC, जनाना हॉस्पिटल) लतीफ उस्ता (जवाहर कला केंद्र) को मनोनीत किया गया है।

कानूनी सलाहकार के रूप में एडवोकेट जाकिर हुसैन (गवर्नमेंट प्रेस) को नियुक्त किया गया है। अल्प आषा सचिव पद पर शोएब अहमद (अध्यापक) को मनोनीत किया गया है। प्रचार प्रसार सचिव के रूप में मोहम्मद रियाज (नगर निगम ग्रेटर) को शामिल किया गया है। कार्यालय सचिव पद पर इस्लामुद्दीन (कनिष्ठ सहायक NNJ) को नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी पद पर अशफाक खान (नर्सिंग ऑफिसर रामगंज डिस्पेंसरी) को मनोनीत किया



गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में सय्यद मोहम्मद इस्माइल (सिटी हॉस्पिटल छप्पर वार्ड), पप्पू भाई (IVVNL, RSEB), शकीलुर्ररहमन (कर्बला डिस्पेंसरी), हफीज मंसूरी (नर्सिंग ऑफिसर), शाहदाब (मेंटल हॉस्पिटल), आसिफ खान (ब्लड बैंक), अजीज खान मोयल (JVVNL सांगानेर), अब्दुल हसीन (LDC SMS), इकरामुद्दीन (नर्सिंग ऑफिसर) और फरजाद अली बैग (LDC CMHO) को शामिल किया गया है। जयपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अनवर अहमद (वरिष्ठ अध्यापक), हाजी मोहम्मद वाहिद (नगर निगम ग्रेटर), अनीस अली (नगर निगम ग्रेटर), नसरू खान (नगर निगम हेरिटेज), अनवर हुसैन (पोस्ट ऑफिस), मईनुद्दीन (नगर निगम हेरिटेज), अब्दुल रशीद (IVVNL, वैशाली नगर), इमरान खान (नगर निगम जयपुर), गुलाम वारिस (अध्यापक) और मोहम्मद निसार (वरिष्ठ अध्यापक) को मनोनीत किया गया है।

महिला विंग के तहत महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शाहिस्ता खान (फार्मेसिस्ट, जे.के. लॉन), उपाध्यक्ष साजिदा कुरैशी (अध्यापक), महासचिव ताहिरा खान (कॉपरेटिव इंस्पेक्टर), संगठन महासचिव शाकीरा जी (सचिवालय), संगठन सचिव जुबीन आरा (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर), संगठन सचिव, खुर्शीद फातमा (प्रिंसिपल), शाहीन जी (अध्यापक), सदस्य, सलमा निसा (नर्सिंग ऑफिसर), रज़िया जी (नर्सिंग ऑफिसर), मोइना जी (NSG), शकीला जी (नगर निगम जयपुर) को नियुक्त किया गया है। RAKMA की नई कार्यकारिणी को लेकर जिला अध्यक्ष मोहम्मद साबिर अब्बासी ने कहा कि संगठन के हित में आवश्यकतानुसार कार्यकारिणी का विस्तार और संशोधन किया जा सकता है।

# निर्माणाधीन मकानों पर ग्रीन नेट नहीं तो होगी कार्रवाई

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। निर्माणाधीन मकानों पर यदि ग्रीन नेट लगी हुई नहीं मिलेगी तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही है। ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणी रियाड़ ने शुक्रवार को इसे लेकर हुई बैठक में यह आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अस्थायी अतिक्रमण हटाए जाएं और कच्ची बस्तियों में नियमित रूप से सफाई हो। धार्मिक और पर्यटक स्थलों के आस-पास कचरा पात्र को नियमित रूप से खाली करवाने और जरूरत होने पर लगवाने के निर्देश आयुक्त ने दिए।

# स्कूल में उर्दू बंद कर संस्कृत के पद सृजित करने का विरोध

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आरएसी बटालियन जयपुर के विद्यालय में उर्दू भाषा बंद कर संस्कृत के पद सृजित करने के शिक्षा मंत्री के आदेश का राजस्थान उर्दू शिक्षक संघ और उर्दू कारवां राजस्थान ने विरोध किया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष अमीन कायमखानी ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय, न्यू संजय नगर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजीव नगर भट्टा बस्ती में मर्ज करना गलत है। विद्यालय में 159 छात्र छात्राएं अध्यनरत है। इस विद्यालय को भवन मरम्मत के लिए 2018 में पूर्णतया अस्थाई रूप से राजीव नगर विद्यालय में संचालित किया जा रहा था। अब इस विद्यालय का भवन तैयार हो चुका है। ऐसे में संघ ने पुनः पूर्व के विद्यालय परिसर में संचालन करने के आदेश जारी करने की मांग की है। संघ ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के उर्दू शिक्षकों पर की गई कथित टिप्पणी का विरोध जताया है।

## सांगानेर के एच. एम. टावर में लगी आग, ओमवीर को सांगानेर पुलिस ने झुलसने से बचाया



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर के मालपुरा गेट के पास स्थित एच एम टावर में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण अभी ज्ञात नहीं हो सका है। अपनी जान की परवाह न करते हुए मालपुरा गेट पुलिस थाने के जांबाज एसआई सुखराम, कांस्टेबल मनीष और नोरत, एवं फायर ब्रिगेड के विक्की चौधरी ने बड़ी मशक्कत के बाद आग की लपटों के बीच भरतपुर निवासी ओमवीर की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।जिसकी चारों तरफ भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है। लोग उनके जज्बे को सलाम कर रहे हैं। सांगानेर मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर पूरा साथ दिया। आग पर काबू करने में मालपुरा गेट की पुलिस एवं दमकल के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। जब जाकर आग पर काबू पाया गया। टावर के बेसमेंट के शटरों को तोड़कर स्थिति को संभाला गया। बहुत से लोग अपनी जान बचाने के लिए टावर के बगल से शिव हनुमान मंदिर की छत पर होते हुए निकले। आपको बता दे यहां पर आए दिन नशेड़ियों का जमावड़ा बना रहता है। चारों तरफ कचरा का ढेर लगा रहता है। यह भी एक बहुत बड़ा कारण है।

# निशुल्क जांच शिविर का आयोजन संपन्न

## - 500 से अधिक लोगों ने करवाई थायराइड, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हवामहल विधानसभा के मदरसा बागो बहार मोहल्ला, गोरियांन बास, बदनपुरा, वार्ड नंबर 29 में एक विशाल निशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ताहेरा उस्मानी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट और आमिर उस्मानी, समाजसेवी और युवा नेता वार्ड नंबर 29 के द्वारा लगाया गया। इस शिविर में थायराइड, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की निशुल्क जांच की गई, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करवाई। शिविर के संयोजक आमिर उस्मानी ने बताया कि इस अवसर पर ग्रीन पेथ लैब के संपूर्ण स्टाफ ने बहुत सूक्ष्मता के साथ जांच की और सभी लोगों को उचित चिकित्सा सलाह दी। शिविर के आयोजन में विशेष रूप से पार्षद प्रतिनिधि शाकिर खान, गफूर मंसूरी, जयपुर जिला सचिव मोहम्मद फईम कुरैशी, मंडल अध्यक्ष लतीफ भाई, वार्ड नंबर 30 के अध्यक्ष मोहम्मद अंसार



खान, प्रिंस रूबी, पूर्व वार्ड अध्यक्ष ताहिर खान, इकराम मामा, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख खलील, फरीद पठान, रईस खान, इसरार अहमद, अजीज खान, शफकत कॉलोनी अध्यक्ष अब्दुल गनी भाई, और उनकी टीम के सदस्य जैसे अमजद, अरबाज, जैनुल, मोहसिन, शमी, शम्मी भाई, आसिफ, मुन्ना, इमरान, साजिद हसन, मासूम अली, मोहसिन, सलीम, सलमान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टरों की टीम भी मौजूद रही, जिसमें डॉक्टर काज़म, डॉक्टर आजम और उनकी पूरी टीम ने अपनी सेवाएं दीं। विभिन्न कॉलोनियों के पदाधिकारी और गणमान्य लोग भी इस शिविर में शामिल हुए और समाजसेवी आमिर उस्मानी का सम्मान किया। आमिर उस्मानी ने इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवकों, नेताओं और डॉक्टरों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सकता है और समाज में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार लाया जा सकता है।

# हज ट्रेनिंग कैंप में 600 से अधिक हाजियों ने ली ट्रेनिंग, हरम-ए-मक्का के मॉडल की सराहना



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 23 फरवरी 2025 को हज हाउस कर्बला में हज 2025 पर जाने वाले हाजियों के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया।

इस कैंप में जयपुर, दौसा, फागी, रेनवाल, चाकसू, अचरोल सहित कई स्थानों से आए हाजियों ने भाग लिया। सोसाइटी के नायब सदर हाजी जावेद कागज़ी ने बताया कि कैंप में हाजियों को हज और उमराह के अरकान एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से हरम-ए-मक्का के मॉडल के माध्यम से हाजियों को ट्रेनिंग दी गई, जिसे सभी ने खूब सराहा। कैंप में विशेषज्ञों ने हज यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। गुलाम रसूल ने उमराह का तरीका समझाया, हाजी हसीनुद्दीन ने मदीना के सफर की जानकारी दी, हाजी परवेज ने हज के अरकानों पर रोशनी डाली और हाजी ताहिर आजाद ने हज की तैयारी से जुड़े अहम बिंदुओं पर चर्चा की।

कैंप में हाजियों ने राजस्थान हज कमेटी के चेयरमैन की नियुक्ति न होने और अधिशासी अधिकारी द्वारा हज से जुड़े कार्यों में रुचि न लेने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द चेयरमैन नियुक्त करने की मांग की। इस ट्रेनिंग कैंप में 600 से अधिक पुरुष और महिलाओं ने भाग लिया। कैंप के आयोजन में हाजी निजामुद्दीन, हाजी वसीम अहमद, निजामुद्दीन मुहाना, अल्ताफ हुसैन, हाजी आकिब खान, अशफ़ाक नकवी, असलम साबरी, डॉ. इरफान सहित अन्य लोगों ने सहयोग दिया। राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित यह कैंप हाजियों के लिए उपयोगी साबित हुआ और हज यात्रा को आसान बनाने में सहायक रहेगा

# नगर निगम लाचार धडल्ले से हो रहे हैं अवैध निर्माण, नोटिस भेजो सेट करो फिर जो चाहे वह करो

**मोहम्मद सादिक हिंदुस्तानी**

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हिंदुस्तान की एक बहुत मशहूर कहावत है की, गांधी के तीन बंदर एक अंधा है, दूसरा बहरा है, और तीसरा गूंगा है। जो पल-पल में रंग बदलती दुनिया को अपने हिसाब से चलाने में सक्षम है। आज के इस दौर में पैसे कमाने के डिजिटल नुस्खे ईजाद हो चुके हैं। बस थोड़ी ट्रेनिंग की आवश्यकता है, जो चलते फिरते मिल ही जाती है। नगर निगम, नगर पालिकाओं के अधिकारी पता नहीं कौन सी ट्रेनिंग लेकर आते हैं। जिनके ऊपर किसी भी बात का असर नहीं होता है। जनता चीखती चिल्लाती रहती है। हमारा काम करो। हमारा काम करो। लेकिन नगर निगम के अधिकारी वही करते हैं जिनको अच्छा लगता है। दिखावा ज्यादा काम कम करते हैं। इसीलिए वह सबके मन को भाते हैं।आजकल सांगानेर जोन में नियम विरुद्ध अवैध निर्माण जोरों से चल रहे है। उसी तरह नोटिस भी जोर शोर से पहुंच रहे हैं। लेकिन नोटिस पहुंचने के बावजूद भी निर्माण कार्य रुक नहीं रहे हैं। इसका मतलब नगर निगम गलत नोटिस भेज रहा है या नोटिस के जरिए डर का माहौल पैदा कर लेनदेन का मामला सेट कर, खुलेआम छूट दी जा रही है।आजकल सांगानेर नगर निगम जोन गांधी के तीन बंदरों की तरह काम कर रहा है।अंधा इसलिए है कि नगर निगम ऑफिस के एक गली छोड़कर निर्माण हो रहा है। डीसी सो रहा है। वार्ड 90 के रिहायशी इलाके में बेसमेंट का निर्माण हो रहा है। नगर निगम प्रशासन मौन धारण किए हुए हैं। सांगानेर नगर निगम के JEN झाबर सिंह यादव से जानकारी लेनी चाहिए तो उन्होंने कहा कि इसकी परमिशन की फाइल हमारे पास आ गई है।

जब उनसे पूछा गया कि रिहायशी इलाके में बेसमेंट बनना सही है या गलत है। यहां जो निर्माण कर हो रहा है वह सही है या गलत है। इसका कोई जवाब नहीं दिया। सिर्फ इतना कहा कि मैंने उपायुक्त को बता दिया है। इन लोगों में क्या खिचड़ी पक रही है। यह जांच का विषय है। मीडिया चिल्ला रही है कि गलत काम हो रहा है। लेकिन सांगानेर नगर निगम प्रशासन बहरा बनकर मौज कर रहा है। ऐसे अवैध निर्माण कार्य सांगानेर जोन के हर वार्ड में दिखाई दे रहे हैं। लेकिन सांगानेर



नगर निगम की मिली भगत से सांगानेर जोन में ऐसे कार्य हो रहे हैं जो खास लोगों को फायदा पहुंचा रहे हैं। गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है।

इसका ताजा उदाहरण सिटी एस वस स्टैंड पर बन रही 16 दुकानों से दिख जाएगा। बरसों से जीवन यापन कर रहे गरीब थड़ी ठेला बालों को दबाया जा रहा है। सांगानेर की जनता चाहती है कि इन सब की जांच-पड़ताल सीएमओ कार्यालय के सक्षम अधिकारी से होना चाहिए। जिससे मिली भगत करने वाले अधिकारीयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल की नगरी सांगानेर में गरीबों को न्याय मिलना ही चाहिए।

## श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान का 21 वां सर्व समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सांगानेर की बहुचर्चित श्री मानव हित सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा गरीब, बेसहारा, दबे, कुचले लोगों के बच्चे-बच्चियों की शादीयां करवा कर गरीबों का मसीहा के नाम से ख्याति प्राप्त संस्था ने भीलवाड़ा के हरिणी महादेव मंदिर पर सर्व समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कर गरीब जनता का हमदर्द बन गया है। जिसकी चारों ओर प्रशंसा हो रही है। भीलवाड़ा सम्मेलन के प्रभारी मोहम्मद इस्माइल खान ने दी जानकारी के अनुसार इस सम्मेलन में सात जोड़ों का मौके पर विवाह कराया गया और 25 लोगों को घर पर शादी कराने लिए सामान दिया गया। संस्था का यह 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन था और भीलवाड़ा में पहला। इस सुनहरे मौके पर मुख अतिथि के रूप में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक हनुमान सहाय कटारिया, असिस्टेंट सद्दाम बिग बॉस, प्रदेश महामंत्री मन्नू मीणा, प्रदेश मीडिया प्रभारी सादिक हिंदुस्तानी, काठिया बाबा महामंडलेश्वर, गंगा दास महाराज महामंडलेश्वर, प्रदेश महासचिव एवं भीलवाड़ा प्रभारी मोहम्मद इस्माइल खान, मधु पांडे भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष, समीम खान टोंक जिला अध्यक्ष एवं इस सम्मेलन को कामयाब करने में तमाम कार्यकर्ताओं का सहयोग सराहनीय रहा एवं भीलवाड़ा की तमाम जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## शहबाज शरीफ के हसीन सपने

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी अब हसीन सपने देखने लगे हैं। पाकिस्तान में एक आम सभा को संबोधित करते हुए आर्थिक तरक्की में शहबाज शरीफ ने भारत को पीछे छोड़ने की सौगंध खाई है। जिस पाकिस्तान में पेट्रोल ₹250 रुपये लीटर और बिजली ₹40 रुपये यूनिट पाकिस्तान जनता को मिलती है और उनकी अर्थव्यवस्था आईएमएफ से मिले फंड से चल रही है उसी पाकिस्तान का प्रधानमंत्री अचानक एक सभा में भाषण भारत से आगे निकलने के लिए देता है। पाकिस्तानी जनता शहबाज शरीफ की बातों पर कितनी भरोसा करेंगी लेकिन दुनिया जानती हैं कि पाकिस्तान में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार फैला हुआ है। वहां महंगाई के कारण जनता अपना पेट नहीं भर पा रही है। दुनिया यह भी जानती है कि शहबाज शरीफ पाकिस्तानी आर्मी की सहायता से बेईमानी से प्रधानमंत्री बने हैं। शहबाज शरीफ के बड़े भाई शहनवाज शरीफ पर आरोप है कि उनके कार्यकाल में पाकिस्तान खजाने को लूट कर विदेशों में धन जमा किया गया। पाकिस्तानी जनता में शहबाज शरीफ के खिलाफ काफी गुस्सा है। पाकिस्तानी जनता का गुस्सा कम करने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भारत से मुकाबले की बात करने लगे हैं। भारत-पाकिस्तान के नेता जब कमजोर पड़ने लगते हैं तो एक दूसरे देश से दुश्मनी याद दिलाकर अपना स्वार्थ पूरा करते हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बेहद खराब बताई जा रही है। पाकिस्तान में अराजकता और अफरातफरी चारों तरफ है। फिर भी पाकिस्तानी नेता भारत को केंद्र में रखकर पूरा झूठ बोलते हैं। पाकिस्तान के नेता हमेशा दुनिया की आंखों में धूल झोंकते रहे हैं। भारत के खिलाफ अमेरिका से दोस्ती की और अमेरिका से अरबों, खरबों डॉलर के हथियार, लड़ाकू विमान एवं अन्य हथियार लिए। अफगानिस्तान में अमेरिका की सहायता के नाम पर जमकर वसूली की गई। जब पैसा मिलना बंद हो गया तो अमेरिका और यूरोपीय देशों की मदद करना बंद कर दिया। नतीजा अमेरिका और यूरोपीय देशों को अफगानिस्तान छोड़कर जाना पड़ा। अब पाकिस्तान फिर से तालिबान को कब्जे में लेने के लिए अमेरिका से पैसे वसूलना चाहता है। पाकिस्तान की वर्तमान में सिर्फ एक ही उपलब्धि है कि उसने बांग्लादेश को एक तरह से भारत से छीन लिया है। टूटने के कगार पर खड़ा पाकिस्तान अभी भी भारत की बर्बादी की साजिश करने में कहीं पीछे दिखाई नहीं देता है। जम्मू कश्मीर में लंबे समय तक आतंकवाद का बोलबाला रहना और वहां के परिवारों को बर्बाद करना पाकिस्तानी साजिश ही थी। वर्तमान में भी कमजोर पाकिस्तानी नेता भारत को सैन्य ताकत में पीछे नहीं छोड़ पाए, तो अब आर्थिक तरक्की में भारत को पीछे छोड़ने की बात कह कर दिन में सपने देख रहे हैं।

# मुसलमानों में ज़कात क्या है ?

ज़कात अरबी लफ्ज़ से (अरबी, "पाक या शुद्धी करने वाला", और ज़कात अल-माल, "सम्पत्ती पर ज़कात ", या "ज़काह") से आया है, जिसका अर्थ है शुद्ध करना। ज़कात को सांसारिक रुप से कमाई गई अपनी आय और धन को शुद्ध करने का एक तरीका माना जाता है। एक लेखक के अनुसार "जिस तरह से स्नान शरीर को शुद्ध करता है और नमाज़ आत्मा को (इस्लाम में) शुद्ध करती है, उसी तरह ज़कात संपत्ति को शुद्ध करती है और अल्लाह को प्रसन्न करती है।"

ज़कात इस्लाम के पाँच स्तंभों में से एक है और इसका अर्थ है "शुद्धिकरण।"

ज़कात का इतिहास नमाज़ के इतिहास जैसा ही है। कुरआन मजीद से यह स्पष्ट है कि नमाज़ की तरह ज़कात भी पिछले पैगम्बरों की उम्मतों में भी हमेशा से मौजूद रही है। इब्राहीम अलैहिस्सलाम की उम्मत पर भी थी। सूरह अल-मआरिज (70:25) । पैगम्बर इस्माइल अलैहिस्सलाम की उम्मत में ज़कात: [सूरा मरियम 19:54-55] पैगम्बर इसहाक अलैहिस्सलाम और पैगम्बर याकूब अलैहिस्सलाम की संतान को ज़कात [सूरा अल-अंबिया 21:73] पैगम्बर ईसा अलैहिस्सलाम के वक़्त में ज़कात [सूरा मरयम 19:30-31] होने का हवाला मौजूद है। इस तरह ज़कात अदा करने का हुक्म हुज़ूर पाक सल्लल्लाहो अलैहिवसल्लम पर क़ुरान पाक नाज़िल होने से पहले भी उम्मतों पर होना पाया जाता है। जब हम पैगंबर (सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम) के समय मक्का में, ज़कात पर आयतें आम तौर पर स्वैच्छिक भुगतान से संबंधित थीं, और यह व्यक्ति के विश्वास और उसके विवेक पर छोड़ दिया गया था कि वह कितना देना है और किसे देना है। सूरा अल-मआरिज (70:24-25) में सलाह दी गई है: "और जिनके धन में हक़ माना जाता है। भिखारियों और बेसहारों के लिए।" मदीना में हिजरत के बाद, पैगम्बरसाहब (सल्लल्लाहू अलैहिवसल्लम) 622 ईस्वी में मदीना गए और उन्होंने इस्लामिक राष्ट्र व्यवस्था की शुरुआत की, तब उस देश में ज़कात प्रणाली भी शुरू की गई थी। मदीना आगमन के लगभग अठारह महीने बाद, ज़कात मुसलमानों के लिए एक फ़र्ज़ या दायित्व बन गया। मदीना की आयतों में ज़कात के भुगतान का स्पष्ट निर्देश दिया गया था और उस समय से पैगम्बर (सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम) ज़कात कर्मचारियों को भेजकर ज़कात इकट्ठा करके उसे वितरित करते थे। यानी इस्लामिक राष्ट्र व्यवस्था स्थापित होने के बाद ज़कात एकत्रित करने वाले कर्मचारियों से ज़कात एकत्रित कराई जाती थी।

कुरान मजीद में ज़कात योग्य धन की परिभाषा नहीं दी गई है, कुछ मामलों को छोड़कर, केवल सामान्य सिद्धांत दिए गए हैं, विवरण के बिना, जैसे:सोना और चाँदी : "और कुछ लोग ऐसे भी हैं जो सोना और चाँदी जमा करते हैं और उसे अल्लाह की राह में खर्च नहीं करते। उनके लिए बड़ी कठोर सजा की घोषणा कर दो।" (सूरा अल-तौबा 9:34) फसलें और फल: "उनके फलों को उनके मौसम में खाओ, लेकिन जिस दिन फ़सल कट जाए उस दिन हक़ अदा करो।" (सूरह अल-अनआम 6:141) व्यापार की कमाई: "ऐ ईमान वालों, अपनी कमाई में से दान करो।" (सूरह अल-बक़रा 2:267) धरती के नीचे से धन: "और जो कुछ हमने तुम्हारे लिए धरती से पैदा किया है।" (सूरह अल-बक़रा 2:267) इसके अलावा, कुरान मजीद में सामान्य रूप से ज़कात का उल्लेख किया गया है और शब्द अमवाल (अर्थात संपत्ति, धन या कमाई) का प्रयोग इस आयत में किया गया है, "उनके धन में से सदका निकालो, जिससे वे पवित्र और पवित्र हो जाएं।" (सूरा अल-तौबा 9:103) और, "उनके धन और सम्पत्ति में गरीबों, भिखारियों और वंचितों का अधिकार है।" (सूरा अल-ज़हरियत 51:19) इस्लाम में सबसे भरोसेमंद हदीस संग्रहों में से प्रत्येक में ज़कात को समर्पित एक किताब है। सहीह बुखारी की किताब , सहीह मुस्लिम की किताब और सुनान अबू-दाऊद की किताब ज़कात के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करती है, जिसमें यह भी शामिल है कि किसे, कितना, कब और क्या देना चाहिए। हदीसें ज़कात न देने वालों को नसीहत करती हैं।

हदीस के अनुसार, ज़कात देने से इनकार करना या ज़कात देने वालों का मज़ाक उड़ाना पाखंड की निशानी है और अल्लाह तआला लोगों की प्रार्थनाओं को स्वीकार नहीं करेंगे और सज़ा का भी वर्णन किया गया है जो ज़कात देने से इनकार करते हैं या विफल रहते हैं। क़यामत के दिन , जिन्होंने ज़कात नहीं दी, उन्हें जवाब देह ठहराया जाएगा और दंडित किया जाएगा। हदीस में राज्य द्वारा अधिकृत ज़कात संग्रह पर सलाह दी गई है। संग्रहकर्ताओं को बकाया राशि से अधिक नहीं लेना चाहिए, और जो लोग ज़कात दे रहे हैं, उनसे कहा जाता है कि वे भुगतान से न बचें।

ज़कात कुरान में उल्लिखित आठ श्रेणियों में वितरित की जाती है

"ख़ैरात-कर सिर्फ़ ग़रीबों और ज़रूरतमंदों के लिए है, उन लोगों के लिए जो इसे देने के लिए नियुक्त किए गए हैं, उन लोगों के लिए जिनके दिल 'ईमान' की ओर आकर्षित हैं, गुलामों को 'मुक्त' करने के लिए, क़र्ज़दारों के लिए, अल्लाह के मार्ग के लिए, और 'ज़रूरतमंद' यात्रियों के लिए। यह अल्लाह की ओर से एक दायित्व है। और अल्लाह सर्वज्ञ, अत्यन्त तत्वदर्शी है।" [सूरह अल तौबा 60]

ज़कात से जुड़ी कुछ खास बातें:-

ज़कात साल भर दी जा सकती है, लेकिन रमज़ान के दौरान इसका विशेष महत्व होता है। ज़कात, गरीबों, विधवा महिलाओं, अनाथ बच्चों या किसी बीमार व कमज़ोर व्यक्ति को दी जाती है। ज़कात से जुड़ी गणना के लिए, सोने और चांदी का निसाब तय किया गया है। ज़कात से जुड़ी गणना के लिए, मवेशियों का निसाब भी तय किया गया है। ज़कात से जुड़ी गणना के लिए, मुर्गी पालन और मछली पालन का निसाब भी तय किया गया है। ज़कात से जुड़ी गणना के लिए, कारोबार की कुल संपत्ति का भी हिसाब लगाया जाता है।

ज़कात से जुड़ी गणना के लिए, बैंक से लिए गए लोन की किस्तों का भी हिसाब लगाया जाता है। जज़िया और ज़कात, दोनों ही इस्लाम से जुड़े कर हैं। जज़िया गैर-मुस्लिमों पर लगाया जाने वाला कर था, जबकि ज़कात मुसलमानों को देना होता है। जजिया कर गैर-मुसलमानों पर लगाया जाता था ताकि धार्मिक ज़कात कर न चुकाने वालों से आय का स्रोत बनाया जा सके। इससे मुसलमानों को अपने अधीन रहने वाले गैर-मुस्लिमों को सुरक्षा भी मिलती थी।

ज़कात निरीक्षक

10 हिजरी (631 ई.) पैगम्बर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने यमन में मुआज़ इब्न जबल रा को गवर्नर बनाकर भेजा। उनका एक आदेश था कि वहां के अमीरों से ज़कात इकट्ठा करके गरीबों में बांट दिया जाए। यह आदेश स्पष्ट रूप से इंगित करता है कि ज़कात मुख्यतः स्थानीय प्रकृति की है और इसे अपने क्षेत्र के भीतर ही एकत्र और वितरित किया जाना चाहिए।

उमर इब्न अलखत्ताब का शासनकाल

13 हिजरी (634 ई.) पैगम्बर (स.) और उनके प्रथम उत्तराधिकारी अबू बक्र (र.अ.) की मृत्यु के बाद भी, मुआज़ (र.अ.) यमन के गवर्नर बने रहे और यमन में ज़कात के संग्रह और वितरण के लिए जिम्मेदार थे।

लेकिन उस साल वह उमर (र.अ.) के साथ एक तिहाई पैसे लेकर मदीना लौट आये। उस समय उमर (र.अ.) ने उसे तुच्छ समझा और कहा कि उसे कर वसूलने के लिए नहीं भेजा गया है। ज़कात गरीबों में बाँट दी जानी थी। मुआज़ (र.अ.) ने जवाब दिया कि उसने ऐसा किया था, लेकिन उसे कोई गरीब या ज़रूरतमंद व्यक्ति नहीं मिला।

16 हिजरी (637 ई.) तीसरे वर्ष तो वह 100% ज़कात लेकर वापस आ गये। यमन, जो दुर्भाग्य से दुनिया का सबसे गरीब देश था, में गरीबी कुछ ही वर्षों में पूरी तरह से खत्म हो गई।

ज़कात की ताकत!

अगर मुसलमान सही सही ज़कात अदा करे और वह ज़कात सही और माकूल तरीक़े से सही जगह एकत्रित की जाए, इस्लामिक तरीके से वितरित की जाए तो यकीनन यमन की तरह पूरी दुनिया में कोई गरीब मुसलमान ना रहे।

**संकलनकर्ता :- फ़ज़लुर्रहमान**
**सहायक सचिव सेवानिवृत्त**
**मोबाईल नं 9828668877**

# हुक्मरानों का किरदार हजरत उमर जैसा होना चाहिए

कहते है कि जब अबू उबैदा इब्न ज़र्राह (रजि) जब सीरिया के गवर्नर बना कर जब दमिश्क भेजे गए तो उनकी दिली इच्छा थी कि अमीर उल मोमनींन उमर बिन ख़त्ताब (रजि) दमिश्क आये, चुनाचें उन्होंने उमर बिन ख़त्ताब से दरखास्त की कि वो कभी दमिश्क पधारे। बार-बार रिक्वेस्ट आने पर अमीर उल मोमनींन ने उनकी दावत को क़बूल कर लिया।

गवर्नर उबैदा बिन जर्राह ने अमीर उल मोमनींन के इस्क़बाल के लिए जम कर तैयारियाँ की, नियत तारीख़ को उबैदा ख़लीफ़ा की अगवानी करने के लिए दमिश्क के हज़ारों गणमान्य नागरिकों के साथ शहर से कुछ कोस आगे आ कर खड़े हो गए।

दमिश्क अभी कुछ दिन पहले ही ख़ालिद बिन वलिद की क़ियादत में फ़तह किया गया था, इससे पहले दमिश्क सहित पूरा फ़िलिस्तीन और लेवांत अज़ीमो-शान रोमन साम्राज्य का सदियों से हिस्सा रहा था, रोमानी सल्तनत अपनी चमक दमक और शानो शौकत के लिए पूरी दुनियाँ में मशहूर थी। यहाँ के लोगों ने कई-कई बार रोमन सम्राटों के शाही जुलूस को मय लाजो-लश्कर निकलते देखा था, जहाँ रोमन सम्राट नंगी तलवार से लैस हज़ारों अंगरक्षकों से घिरे निकलते थे और अब वो अपने उस फ़ातेह का इस्क़बाल करने को खड़े थे, जिसके लश्कर ने रूमी सल्तनत को शिकस्त दी थी, जो अब लाखों मुरब्बा मील में फैली दुनियाँ की सबसे बड़ी सल्तनत का हाकिम था।

वो अपने नए फ़ातेह का इंतज़ार कर ही रहे थे कि सामने से एक ऊँट आता दिखाई दिया जिस पर एक नौजवान सवार था, ऊँट की नकेल पकडे एक अधेड़ सा इंसान चल रहा था। जैसे ही ऊँट थोड़ा और नज़दीक आया तो उबैदा (रजि) ख़ुशी से ऊँट की तरफ़ दौड़े। दमिश्क के लोगों ने कभी अपने हुक्मरानों को तो छोड़िए हुक्मरानों के छोटे से छोटे अहलकार को भी अकेले और ऐसे साधारण कपड़ों में नहीं देखा था। उन्हें लगा ये जो नौजवान ऊँट पर बैठा है शायद ये ही अमीर उल मोमनींन है, मगर उनके पांव के नीचे से ज़मीन निकल गई जब उन्होंने उबैदा को भाग कर ऊँट की नकेल को पकड़ कर चल रहे इंसान के हाथ को बड़े ही अदब ओ एतराम से चूमते देखा।

अचरज से भरे दमिश्क के लोगों को अपनी आँखों पर भरोसा नहीं हो रहा था कि उनके दौर का सबसे बड़ा हुक्मरान किसी के ऊँट की नकेल पकड़े अकेला चला आ रहा हो, उनमें से हर एक सोच रहा था कि आख़िर कौन है ये भाग्यशाली नौजवान जिसका ऊँट उमर बिन ख़त्ताब जैसा शख़्स पकड़ के चल रहा है? इस सवाल के जवाब ने तो उन्हें जैसे पागल ही कर दिया जब उन्हें बताया गया कि ऊँट पर बैठा नौजवान हज़रत उमर का नौकर असलम है और मदीना से चलते वक़्त ही उन्होंने तय किया था कि बारी बारी से दो कोस हजरत उमर ऊँट पर बैठेंगे और उनका सेवक ऊँट की नकेल पकड़े चलेगा और दो कोस उनका ख़िदमतगार ऊँट पर बैठेगा और वो ख़ुद ऊँट की नकेल पकड़े चलेंगे। अभी जब वो दमिश्क के पास पहुँचे थे तब असलम की ऊँट पर बैठने की बारी थी।

दमिश्क के लोगों ने ऐसा अजूबा ना कभी देखा था, ना कभी सुना था, अभी तक वो हज़रत उमर के क़ायल केवल इस बात को ले कर थे कि वो उनके मुल्क के हुक्मरान थे मगर इस वाक़िये ने उमर को अब उनके दिलों का हुक्मरान बना दिया था। उन्ही का क्यों जब भी इस वाक़िये को आप किसी को सुनायेंगे तो उमर उसके दिल पर भी राज़ करने लगेंगे तभी तो जब आज़ादी के बाद गांधी से किसी ने पूछा कि आज़ाद भारत में जो रामराज्य वो हिंदुस्तान में लाना चाहते है उसके हुक्मरान वो कैसे चाहते है? तो गांधी ने जवाब दिया कि मेरे रामराज्य के हुक्मरानो का किरदार हज़रत उमर जैसा होना चाहिए, जो अपने नौकर से भी अपने मामले इस तरह तय करे कि अदल, इंसाफ़ और सादगी की मिसाल क़ायम हो जाये।

मगर आज जब मैं लावों-लश्कर के साथ हमारे जम्हूरी हुक्मरानों को निकलता देखता हूँ जिसने अवाम को सड़क किनारे मोटे रस्सों या बल्लियों के पीछे खड़े रहने को मजबूर कर दिया जाता है तो दिल मायूस हो जाता है और लगता है कि गांधी का रामराज्य बस सपना भर ही तो है!!!

**लेखक:- सुनील शर्मा, कुलपति**
**-ज्ञानविहार यूनिवर्सिटी**

# उर्दू ज़िंदगी की ज़रूरत का नाम है

उर्दू पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का ब्यान उनके कुम्भ मेले में हुए हादसे से भागने का तरीक़ा है। ताकि भक्त ख़ुश होकर कुम्भ मेले में हुई मौतों पर सवाल उठा नहीं पायें।उर्दू ख़त्म करने से ज़्यादा भक्तों को कुम्भ की लापरवाही और लोगों की भगदड़ में हुई मौत से ध्यान हटाने की राजनीति है। क्योंकि भक्त ही नाराज़ हो गये हैं तो अब ख़ुश कैसे करें, ध्यान कैसे हटायें तो फिर गन्दी राजनीती का खेल खेल डाला मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने। उर्दू हिन्दस्तान से लोगों की ज़िन्दगी से कोई भी नहीं मिटा सकता। उर्दू ना तो मुगल लेकर आये, नाही मुसलमानों ने पैदा की, उर्दू भारत में हिन्दी की तरह जन्मी भाषा है, जिसका इस्तेमाल ज़्यादातर आपको पुराने अदालत के क़ानूनी दस्तावेजों में मिलेगा। उर्दू पहले बही खातों में ज़्यादा इस्तेमाल हुई। राजपूतों, हिन्द राज घराने के बहीखाते आज भी उर्दू में मौजूद हैं। उर्द ना मुसलमान की भाषा थी और ना मुग़लों की। मुगल काल की ज़्यादातर किताबें फारसी में हैं। अगर उर्दू में कोई है तो वो किसी हिन्दस्तान के लेखक ने लिखी है। उर्दू क्या है और उसकी ज़िन्दगी में ही नहीं भारत में क्या जगह है ज़रा बॉलीवुड से उर्दू हटाकर देखो सिनेमा जगत बेरंग फीका है उर्दू बिना, ज़रा उर्दू शायरी में हटा कर देखो शायरी बद मज़ा हो जायेगी। और तो और उर्दू ज़रा बोलचाल की भाषा से निकाल कर देखो तुम्हारे शब्द खोकले हो जायेंगे। क्योंकि उर्दू से ख़ूबसूरत और मीठी कोई बोली ही नहीं है। चलिए कुछ अल्फ़ाज़ बोलकर देखते हैं और महसूस करके देखते हैं उर्दू की मीठास को। जैसे खाना खालो , भोजन ग्रहण करो यही उर्दू में खाना नोश फरमाइये। आपकी पुत्री अति सुन्दर है। आपकी दुख़्तर बहुत ख़ूबसूरत है। टट्टी लगी है शौचालय जाना है। पाख़ाना आ रहा है बैतुलख़ला जाना है। पधारो हमारे देश। तशरीफ़ लायें हमारे मुल्क। आकाश पर तारे चमक रहे हैं। अर्श पर सितारे रौशन हैं। चन्द्रमा की लाली, महताब की सुरख़ी। सूरज की गर्मी, आफ़ताब की तपिश। आपकी दयालुता, आपकी ज़र्रा नवाज़ी। वह शान्त है, वो पुर सुकून है। मैं आपसे निवेदन करती हूँ, मैं आपसे गुज़ारिश करती हूँ। हमारी संस्कृति, हमारी तहज़ीब। तुमको मैनर्स नहीं, तुमको आदाब नहीं । श्रीमन विन्रमता से जल पिलाओ, जनाब नज़ाक़त से पानी पिलायें। उर्दू में तू का तसव्वुर यानि छवि नहीं है, छोटे बड़े को आप कह कर मुख़ातिब यानि सम्बोधित किया जाता है। सब कुशल है, सब ख़ैरियत है। अब इन अल्फ़ाज़ों यानि शब्दों पर ग़ौर करें। बहुत से शब्द ऐसे हैं जो हिन्द भाई भी हर कोई अपनी ज़िंदगी में प्रयोग यानि इस्तेमाल करते हैं। इनशाल्लाह, ज़िन्दगी, दिल, दिमाग़, इश्क़, ख़त, शर्मनाक, इज़्ज़त, फिक्र, जिस्म, क़दम, क़ीमत, ख़राब, हालात, इशारा, ख़तरा, क़ब्रिस्तान, लहजा, सही, ग़लत, सिलसिला, नसीहत, शायद, अक्सर, अदालत, अजीब, अगर, अफ़सोस, अख़बार, आम इन्सान, क़ानून, काग़ज़, आदत, ख़ुशी, उम्र, अजीब, शुक्रिया, दोस्त, आज़ादी, औरत, मर्द, इमारत, महल, क़िला, ईमानदार, इत्तेफ़ाक़, इन्तज़ार, यक़ीन, शहीद, इस्तेमाल, किताब, क़र्ज़, तारीफ़, तारीख़, गुनाह, इल्ज़ाम, किताब, मशहूर, ऐतराज़, अहसान फ़रामोश, मसला, इलाक़ा, मजबूर, इम्तेहान, मजबूर, मजबूरी, ग़रीब, रहम, ख़ूबसूरत, हसीन, दस्तावेज़, दस्ताख़त, हैरानी, बेइज़्ज़ती, मुमकिन, फ़ैसला, हक़, हक़ीक़त, सुकून, मेहरबान, मेहरबानी, सवाल, जवाब, ज़िम्मेदार, ज़िम्मेदारी, फ़र्ज़ी, वकील, इनाम, क़ाबिल, धोखा, हमदर्द, हमदर्दी, ग़म, शर्मनाक, हरकत, बदबू, ख़ुशबू,दख़ल, ख़त, दीवार, दिवाना, पागलपन, ख़ामोशी, ख़ामोश, निगाहें, इतराना, आदत, बरताव, बरबाद, तन्हा, तन्हाई, रुख़सत, जल्दी, तोहफ़ा, शक, ताक़तवर, हिम्मत, ख़ौफ़, ग़ुलाम, ग़ुरूर, जश्न, ख़ुदकुशी, लिहाज़, रूह, हैवान, बेरहम, ख़ारिज, मर्ज़, मर्ज़ी, इलाज, हकीम, खाना, मकान, मसीहा, क़त्ल, ख़ून, ख़ूब, ख़ुद,रोज़ी, रोज़ाना, रोज़गार, ज़िद ये अल्फ़ाज़ पढ़िए और सोचिए इनमें आप की ज़रूरत वाले अल्फ़ाज़ मिलेंगे जो आप रोज़ाना बोलते हैं।

उर्दू पर सियासत हमेशा होती रहती है। मगर उर्दू आम ज़िन्दगी की ज़रूरत है, जिससे राजनीति मिटा नहीं सकती। स्कूलों से उर्दू ग़ायब कर सकते हो मगर लोगों की ज़बानों पर चढ़े हुए उर्दू शब्द कैसे ख़त्म करोगे जो वो रोज़ाना बोलते हैं। जो सिनेमा जगत सबसे ज़्यादा टैक्स देता है वो उर्दू ख़त्म नहीं कर सकता, सारे डायलॉग ही उर्दू में लिखे और बोले जाते हैं। ये सरकार का फ़न्डा है पुराना, जब कहीं हादसा होता है और ये दोषी होते हैं जनता नाराज़ होती है तो कोई ऐसा मुद्दा खड़ा करते हैं जिससे पब्लिक हादसा भूलकर उसमें उलझ जाती है। यही पुलवामा हादसे के बाद सियासत का खेल खेला गया था। आन्नद नारायण जी लिखते हैं कि जिस उर्दू की मुहब्बत में राम प्रसाद "बिस्मिल" नें कहा था सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है जिस उर्दू की मुहब्बत में रघुपति सहाय फ़िराक़ गोरखपुरी हो गये।बृजनारायण चकबस्त हो गये, पंडित हरिचंद "अख़्तर" हो गये, सम्पूर्ण सिंह कालरा "गुलज़ार" कश्मीरी पंडित आनंद नारायण जुतशी गुलज़ार देहलवी हो गये। जिस उर्दू में भगत सिंह ख़त लिखा करते थे, जिस उर्दू को ख़ुद गाँधी जी हिंदुस्तानी भाषा कहते हैं, जिस भाषा से नेहरू और पटेल ने प्यार किया। जिस उर्दू भाषा ने इंकलाब ज़िंदाबाद का नारा दिया, जिस उर्दू भाषा ने जय हिंद का नारा दिया, जिस भाषा में मौहब्बत और बग़ावत के गीत गाये गये, जिस उर्दू ने क्रांतिकारियों के सपोर्ट में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ अख़बार सजाये। जिस उर्दू ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। आज एक सूबे के मुखिया आदित्यनाथ योगी उसी भाषा को कठमुल्ला की भाषा कह रहे हैं। हंसी आती है ऐसी अभद्रता पर। उन्हें कोई बताये कि उर्दू 'कठमुल्ला' की नहीं बल्कि आनंद नारायण 'मुल्ला' की ज़बान है।

'मुल्ला' बना दिया है इसे भी महाज़-ए-जंग
इक सुल्ह का पयाम थी उर्दू ज़बाँ कभी।
-आनंद नारायण मुल्ला

**मैंमूना नरगिस**
**सामाजिक कार्यकर्ता जयपुर**

## सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# भारत के विकास में अंग्रेजी साम्राज्य का योगदान

वर्तमान में विभिन्न संचार माध्यमों से लगातार ऐसा प्रचारित किया जा रहा है, मानों भारत में ही सब चीजों का अविष्कार हुआ हो ! अब तक जो पढ़ाया-बताया गया था, वह इतिहास झूँठा और गलत था, जिसे अंग्रेजों ने लिखा था और जो अब पढ़ाया जा रहा है, वही सच्चा इतिहास है।

मैं न तो भारत विरोधी हूँ और न ही किन्ही अन्य नस्लों का समर्थक, लेकिन जो वास्तविक तथ्य हैं, उसे अपनाने और गलत बात को छोड़ने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। निःसन्देह हमारे देश भारत में भी अनेकानेक खोजें हुई है और उनको लोग जानते भी हैं, लेकिन भारत के विकास में किसी एक ही नस्ल का यागेदान मानना और अन्य के योगदान को नगण्य मानना गलत है। इसके अलावा जो खोजें भारत में हुई ही नहीं, उन्हें जबर्दस्ती अपना सिद्ध करना और भी गलत है। हमारे देश के विकास में विभिन्न नस्लों और बाहरी लोगों का समय-समय पर काफी योगदान रहा है।

आज का जो भारत हम देख रहे हैं, वह किसी एक नस्ल के योगदान का परिणाम कतई नहीं है। इस लेख में केवल और केवल अंग्रेजो के योगदान की चर्चा की गई है, क्योंकि कई लोगों को उनके योगदान सूर्य की भाँति होने पर भी नहीं दिखते हैं। इन पर अतिवादी लोग विचार कर सकें कि जैसा वे समझते हैं, यदि ठोस धरातल पर उतर कर देखें तो वैसा नहीं है।

1. पहनावे की बात करें तो पेण्ट, कोट, टाई, शर्ट आदि अंग्रेजी सभ्यता की देन हैं, जिनमें शरीर पूरा ढंक जाता है। आजकल अधिकांष जनता द्वारा यही पहनावा काम लिया जाता है।

2. साइकिल से लेकर सभी दुपहिया, तिपहिया और चैपहिया वाहन, ट्रेन, हवाई जहाज आदि का आगमन अंग्रेजों के आगमन से ही हुआ। इनके आगमन से पूर्व समुद्री परिवहन के तौर पर नाव और काफी बड़े-बड़े जहाज जरूर चला करते थे जो हवा के बहाव की सहायता से मानव शक्ति से चलते थे, लेकिन भाप की शक्ति या अन्य शक्ति का प्रयोग इनमें नही होता था।

3. संचार के साधनों की बात करें तो टेली फोन, डाक, तार आदि भी अंग्रेजों के आगमन से ही भारत में आये। इसके पहले डाक व्यवस्था राजाओं-महाराजाओं और धनाढ्य वर्ग के लिए ही थी।

4. छपाई का अविष्कार गुटनबर्ग ने किया था। इससे पहले सभी स्थानों पर हस्तलिखित ग्रन्थ ही प्रचलित थे। यह कला भी भारत में अंग्रेजों के साथ ही आई।

5. आधुनिक शिक्षा प्रणाली अंग्रेजों की ही देन है, जिसमें सभी जातियों और धर्मों के व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के एक साथ पढ़ाये जाते हैं। इसके पहले भारत में शिक्षा गुरुकुलों में और मदरसों में दी जाती थी। गुरुकुलों में शूद्रों का प्रवेश वर्जित था, अतः इनके लिए ये बेकार थे।

मदरसों में इस्लाम धर्म की शिक्षा दी जाती थी, लेकिन शूद्रों का प्रवेश वर्जित नहीं था।

6. आधुनिक सुविधाएं यथा नल, बिजली, पंखे, कूलर, टीवी, रेडियो, रेफ्रिजरेटर, टेपरिकार्डर, एसी, कम्प्यूटर, वाषिंग मषीन, बिजली की मोटर, इंजन और इसी प्रकार की सैंकड़ों जीवनोपयोगी वस्तुओं का आगमन अंग्रेजों के साथ ही भारत आईं या उनके द्वारा स्थापित शिक्षा पद्धति के सिद्धान्तों पर खोजी गई।

7. शिक्षा का प्रचार-प्रसार विधिवत ढंग से हुआ। इससे हर क्षेत्र में उन्नति हुई। भारत की आजादी में अंग्रेजी शिक्षा का काफी यागे दान रहा। विदेशी क्रान्तियों की कहानियों को पढ़ने से भारत में भी स्वतन्त्रता प्राप्ति की भावना बलवती हुई।

विदेशियों के सम्पर्क में रहने से सोचने-समझने के तरीकों में बदलाव हुआ। नेहरु, गाँधी, डॉ. अम्बेडकर, जिन्ना, सुभाषचन्द्र बोस, सरदार भगतसिंह, चन्द्रषेखर आजाद, डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार आदि अंग्रेजों द्वारा लागू शिक्षा पद्धति के ही स्कूल-कालेजों और विष्वविद्यालयों से निकले छात्र थे, न कि किसी गुरुकुल या मदरसे से।

8. अंग्रेजों ने हिन्द धर्म में प्रचलित अनेक कुप्रथाओं पर रोक लगाई, जिनसे सामाजिक और धर्मिक जीवन बदल गया। इनमें कन्या भ्रूण (और जन्म के बाद भी) हत्या, दास प्रथा, बालविवाह, शूद्र स्त्रियों के शुद्धिकरण की प्रथा, देवदासी प्रथा, गंगादान प्रथा, बेगार प्रथा, सती प्रथा, ठगी प्रथा, भवनों की नींव में दी जाने वाली नरबलि (चरक पूजा) प्रथा, मंदिरों में दी जाने वाली नरबलि प्रथा और बहुविवाह प्रथा प्रमुख थी।

9. इसी प्रकार अंग्रेजों ने शूद्रों पर लादी गई अनेक निर्योग्यताएं भी समाप्त कीं। हिन्दओं के कानून मनुस्मृति के अनुसार शूद्रों को पढ़ने-लिखने, हथियार रखने, कमाने और सम्पत्ति रखने का अधिकार नहीं था।

अंग्रेजों ने स्कूल-कॉलेज और विश्वविद्यालयों के दरवाजे शूद्रों के लिये खोले, जिनसे बाबा साहेब जैसे विद्वान निकले, फौज में भर्ती के लिए महार रेजीमेंट, जाट रेजीमेंट (1803) और चमार रेजीमेंट (1943) की स्थापना की, अपनी योग्यता के अनुसार किसी भी प्रकार का काम-धन्धा करने का अधिकार दिया और धन रखने का अधिकार दिया।

10. समान न्याय व्यवस्था की स्थापना की। इससे पहले जाति आधारित न्याय व्यवस्था थी। सरकारी सेवा में भेदभाव पर रोक लगाई।

11. शूद्रों को कुर्सी पर बैठने का अधिकार दिया।

12. कन्याओं के पढ़ने के लिए विद्यालयों की स्थापित किए।

13. कलकत्ता, मद्रास और बॉम्बे में इनके ही नाम के विष्वविद्यालयों की स्थापना की गई।

14. भारतीय दण्ड संहिता (आईपीसी) लागू कर समान अपराध के लिए समान न्याय का प्रावधान किया। पहले जाति को देख कर दण्ड दिया जाता था और ब्राह्मण को मृत्युदण्ड नहीं दिया जाता था।

15. जातिगत जनगणना की शुरुआत की, जिससे भिन्न-भिन्न जातियों की संख्या का पता चला। संख्या के आधार पर इनके विकास के लिए पर्याप्त कदम उठाए जाने लगे।

लेकिल बाद में इन जातियों का विकास सरकारों को रास नहीं आया और "जातिगत जनगणना से सामाजिक वैमनस्य फैलता है" ऐसा कहते हुए इस पर रोक लगा दी। जातिगत जनगणना से वंचित वर्ग की वास्तविक संख्या देश -दुनिया के सामने आने लगी थी और ये विधानसभा तथा संसद में संख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व की मांग करने लगे थे।

16. अंग्रेजों ने शूद्रों को भी भूमि का मालिक स्वीकार किया, जबकि मनुस्मृति के अनुसार शूद्र भूमि के मालिक नहीं हो सकते थे।

17. वयस्क मताधिकार, जनसंख्या के अनुपात में अछूतों को आरक्षण, स्वतन्त्र निर्वाचन का अधिकार और दो वोट का अधिकार अंग्र्रजो की ही देन थी।

बाद में गांधी जी के अनशन करने के कारण दो वोट का अधिकार समाप्त कर दिया गया और पूना पैक्ट हुआ।

18. शासन-प्रशासन में सबकी भागीदारी सुनिष्चित की गई। इससे शासन-प्रशासन में बनिया, कायस्थ, हाथ का काम करने वाली जातियों, अछूत और महाअछूत आदि सभी वर्गों के लोग आने लगे। इन योगदानों के अलावा और भी कई योगदान ऐसे रहे हैं जिनको लोग ईसाई धर्म को बढ़ावा देने वाले मानते हैं, लेकिन यह तो मानना पड़ेगा कि अंग्रेज मिशनरियों ने मानव को मानव तो समझा और अछूतों, आदिवासियों तथा दलितों की बस्तियों में ज्ञान का प्रकाष फैलाया।

वास्तव में तो धर्म मानव के लिए होना चाहिए न कि धर्म के लिए मानव। जब मानव ही नहीं बचेगा, तो धर्म की कितनी ही उन्नति हो, क्या फायदा? इस प्रकार भारत को विकसित बनाने में कई अन्य नस्लों के योगदान के अलावा अंग्रेजों का योगदान काफी महत्त्वपूर्ण रहा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता है।

**-डॉ. श्याम सुन्दर बैरवा,**
**भीलवाड़ा**

**मुस्लिम रिश्ते**

**रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -**

**मोबाइल: 9772552446, 9799559096**

सैयद मुस्लिम युवती 23/5.5"/बी ए/खूबसूरत, गृह कार्य में दक्ष व दीनी तालीम याफ़्ता सवाई माधोपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु खूबसूरत, दीनदार, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन प्रतिष्ठित फैमिली के युवक की आवश्यकता है । संपर्क करें - +91 96369 22143

29 Years Old MBBA Doctor, Working in Dehli , Kota Based Family,Needs MBBS Girls. Contact - 9829068455

Kota Based, 31/5.3/B.tech, PG Diploma in Banking, MBA in Finance, BSTC, Experience 3 years in ICICI Bank [Special Officar], Sunni Muslim Rangrez Girl. Father - Princeipal, Mother- House Wife, One Younger brothers. Required Educated, Honest life Partner Contact – 9829068455

Baran Based 27/5.4/B.Tech., M.Tech. Girls, Working as a Civil Enginear With a Private Firm At Gurgaon. Father Bussiness Man, Mother House Wife, Elder Brother is Govt Doctor, Well Settled Family, Required Well honest Settled, Honest Life partner. Contact – 9829068455

31/5.8/ B.Tech Mechanical, Own Business, Jaipur Based Boys, Father- Retd. Manager Hotal Gangaur, Jaipur {RTDC), Mother House Woman Well Settled Family Required Educat, Religious Girls.Requird Contact - 9829068455

26/6.2/B.tech.mechanical(honours),working in private company.jodhpur based reputed family.Required educated, religious girls. Contact ph.91 8005598829

26/5.2"/B. Com; LLB; M.Com/ Sales Cordinator in finance company.reputed jodhpur based Syed family girl. need suitable educated,- settled, religious boy.contact ph.8426056205

Sunni Muslim Girl 32/5.3"/B. Tech in Electronics & Communications/Working in Semi Govt. Deptt./Deeni Taleem yafta/Homely girl. Father retd. from Indian Railway. Well educated and reputed family of Jaipur. Need religious, well educated and settled boy from well reputed family. Contact: 9828453954

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत । दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mobile-8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य । संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए । इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/नौकरीपेशा/ बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/ पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो । संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed /Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/ पोस्ट ग्रेजुएट/तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का । इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल: 9887910863/9772552446

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

# पटवारी भर्ती 2025 - 2,020 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करें




राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड RSSB RSMSSB भर्ती 2025 पटवारी के 2,020 पदों के लिए। स्नातक डिग्री, डिप्लोमा वाले उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 मार्च, 2025 है।

**योग्यता:-** अभ्यर्थियों के पास स्नातक डिग्री, डिप्लोमा होना चाहिए

**आयु सीमा:-**
न्यूनतम आयु सीमा: 18 वर्ष
अधिकतम आयु सीमा: 40 वर्ष
आयु में छूट नियमानुसार लागू होगी।

**महत्वपूर्ण तिथियां:-**
ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि: 22-02-2025
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 23-03-2025
फॉर्म भरने की अंतिम तिथि: 23-03-2025
परीक्षा तिथि ऑफलाइन: 11-05-2025

**आवेदन शुल्क:-**
सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए: रु. 600/-
ओबीसी एनसीएल / एससी / एसटी उम्मीदवारों के लिए: रु. 400/-
सुधार शुल्क: रु. 300/-
**कुल रिक्तियां:-** 2,020

# SCI भर्ती 2025: 241 जूनियर कोर्ट असिस्टेंट (JCA) पदों के लिए आवेदन ऑनलाइन लिंक sci.gov.in पर करें



भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SCI) ने वर्ष 2025 के लिए 241 जूनियर कोर्ट असिस्टेंट (JCA) पदों की भर्ती की घोषणा की है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से इस प्रतिष्ठित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यहाँ SCI भर्ती 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया, पात्रता और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**
•आवेदन करने की शुरुआत तिथि: 5 फरवरी 2025
•आवेदन करने की अंतिम तिथि: 8 मार्च 2025

पात्रता मानदंड

**शैक्षिक योग्यता**
•किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री।
•कंप्यूटर पर अंग्रेजी टाइपिंग में न्यूनतम गति 35 शब्द प्रति मिनट (w.p.m.)।
•कंप्यूटर संचालन का ज्ञान अनिवार्य है।

**आयु सीमा**
•उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए, 8 मार्च 2025 के अनुसार।

**वेतन 2025**
•यह पद Group 'B' Non-Gazetted के अंतर्गत आता है।
•प्रारंभिक बेसिक पे ₹35,400/- है (लेवल 6, पे मैट्रिक्स में)।
•अनुमानित कुल वेतन, जिसमें HRA भी शामिल है, ₹72,040/- प्रति माह है।

**चयन प्रक्रिया 2025**
चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित चरण होंगे:
1.ऑब्जेक्टिव टाइप लिखित परीक्षा
2.कंप्यूटर पर टाइपिंग स्पीड टेस्ट
3.डेस्क्रिप्टिव टेस्ट
4.साक्षात्कार
उम्मीदवारों को प्रत्येक चरण में उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा।

**SCI JCA आवेदन शुल्क**
•सामान्य/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए: ₹1000/-
•SC/ST/पूर्व सैनिक/विकलांग/ स्वतंत्रता सेनानी उम्मीदवारों के लिए: ₹250/- (बैंक शुल्क सहित)

**SCI JCA भर्ती 2025 के लिए आवेदन कैसे करें**
1.सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
2.जूनियर कोर्ट असिस्टेंट पदों के लिए भर्ती लिंक पर क्लिक करें।
3.दिए गए ऑनलाइन आवेदन लिंक पर क्लिक करें: https://cdn3.digialm.com/EForms/configuredHtml/32912/92214/Index.html

# एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) जूनियर असिस्टेंट और सीनियर असिस्टेंट भर्ती 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) ने जूनियर असिस्टेंट और सीनियर असिस्टेंट के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। कुल 224 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 04 फरवरी 2025 से 05 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं।

**मुख्य विवरण:**
•कुल पद: 224
•पद नाम: जूनियर असिस्टेंट (फायर सर्विस), सीनियर असिस्टेंट (ऑफिशियल लैंग्वेज, अकाउंट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स)
•आवेदन प्रारंभ तिथि: 04 फरवरी 2025
•आवेदन की अंतिम तिथि: 05 मार्च 2025

**•आवेदन शुल्क:**
oसामान्य / OBC / EWS: ₹1000
oSC / ST: ₹0
oसभी महिला उम्मीदवार: ₹0
oभुगतान मोड: ऑनलाइन (क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिंग या ई-चालान)

**आयु सीमा:**
•न्यूनतम आयु: 18 वर्ष
•अधिकतम आयु: 30 वर्ष (05 मार्च 2025 तक)
•आयु में छूट: आरक्षित वर्ग के लिए नियमानुसार छूट।

**पदों का विवरण:**
•जूनियर असिस्टेंट (फायर सर्विस): 152 पद
oशैक्षिक योग्यता: 10वीं पास + 3 साल का डिप्लोमा (मैकेनिकल/ ऑटोमोबाइल/फायर) या 12वीं पास।
oड्राइविंग लाइसेंस: वैध भारी वाहन/मध्यम वाहन/हल्के वाहन का लाइसेंस आवश्यक।
•सीनियर असिस्टेंट (ऑफिशियल लैंग्वेज): 4 पद
oशैक्षिक योग्यता: हिंदी और अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री या किसी अन्य विषय में हिंदी/अंग्रेजी को विषय के रूप में लेने वाली डिग्री।
•सीनियर असिस्टेंट (अकाउंट्स): 21 पद
oशैक्षिक योग्यता: ग्रेजुएट (B.Com.) और MS Office में कंप्यूटर साक्षरता।
•सीनियर असिस्टेंट (इलेक्ट्रॉनिक्स): 47 पद
oशैक्षिक योग्यता: इलेक्ट्रॉनिक्स / टेली कम्युनिकेशन / रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

**कैसे आवेदन करें:**
आधिकारिक वेबसाइट www.aai.aero पर जाएं और आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

# भारतीय पशुपालन निगम में 2152 पदों पर भर्ती, 10वीं-12वीं पास के लिए बड़ा मौका

**कुल पदों का विवरण:** 2152

**शैक्षणिक योग्यता**
पशुधन फार्म संचालन सहायक – 10वीं पास
पशुधन फार्म निवेश सहायक – 12वीं पास
पशुधन फार्म निवेश अधिकारी – किसी भी विषय में स्नातक

**आयु सीमा**
पशुधन फार्म संचालन सहायक – 18 से 40 वर्ष
पशुधन फार्म निवेश सहायक – 21 से 40 वर्ष
पशुधन फार्म निवेश अधिकारी – 21 से 40 वर्ष

**चयन प्रक्रिया**
भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा, साक्षात्कार, दस्तावेज़ सत्यापन और मेडिकल टेस्ट होंगे.

**महत्वपूर्ण तिथियां:**
शुरू तिथि – 20 फरवरी 2025
अंतिम तिथि – 12 मार्च 2025

# राजस्थान आयुष विभाग में सरकारी लेक्चरर की भर्ती, आवेदन 20 फरवरी से शुरू



यदि आप सरकारी लेक्चरर बनना चाहते हैं, तो राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) द्वारा आयुष विभाग में विभिन्न पदों पर लेक्चरर की भर्ती के लिए शानदार अवसर आया है। इस भर्ती का विज्ञापन आरपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी कर दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया 20 फरवरी 2025 से शुरू होगी और इसकी अंतिम तिथि 21 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है।

**वैकेंसी डिटेल्स:** यह भर्ती आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा समेत कुल 8 विषयों के लिए आयोजित की जा रही है। विभिन्न पदों की रिक्तियां निम्नलिखित हैं:
•अगद तंत्र – 01
•कायचिकित्सक – 01
•पंचकर्म – 01
•प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग – 01
•शालक्य तंत्र – 01
•कौमारभृत्य – 01
•संहिता (मौलिक सिद्धांत) – 01
•स्वस्थवृत – 02

**योग्यता:** राजस्थान आयुष विभाग में लेक्चरर के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से आयुर्वेद में डिग्री या संबंधित विषय में पोस्ट ग्रेजुएट क्वालिफिकेशन होनी चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों को देवनागरी में हिंदी लिखने का ज्ञान और राजस्थानी संस्कृति की जानकारी होनी जरूरी है। योग्यता से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार आधिकारिक नोटिफिकेशन डाउनलोड कर सकते हैं।

**आयु सीमा:**
•न्यूनतम आयु: 20 वर्ष
•अधिकतम आयु: 45 वर्ष
•ऊपरी आयु सीमा में छूट: आरक्षित वर्गों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 52,453 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इन पदों में 46,931 गैर अनुसूचित क्षेत्र और 5,522 अनुसूचित क्षेत्र के पद शामिल हैं। इस भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता सेकेंडरी (कक्षा 10) या समकक्ष परीक्षा है।

**पद विवरण:**
•पद का नाम: चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी
•पद संख्या: 52,453 (गैर अनुसूचित क्षेत्र: 46,931, अनुसूचित क्षेत्र: 5,522)
•वेतनमान: पे मैट्रिक्स लेवल L-1
•आयु सीमा: न्यूनतम 18 वर्ष, अधिकतम 40 वर्ष (01.01.2026 तक)

**आवेदन प्रक्रिया:**
•ऑनलाइन आवेदन और पंजीयन शुल्क भरने की अंतिम तिथि: 19.04.2025 (रात्रि 11:59 बजे तक)
•परीक्षा की संभावित तिथि: 18.09.2025 से 21.09.2025 तक (कंप्यूटर आधारित, टैबलेट आधारित, या ओएमआर आधारित परीक्षा)

**आवेदन और विस्तृत जानकारी:**
•आवेदन प्रक्रिया, आरक्षण, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट, परीक्षा स्कीम, पाठ्यक्रम आदि की जानकारी बोर्ड की वेबसाइट rssb.rajasthan.gov.in पर जारी की जाएगी।
•किसी भी जानकारी के लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर पर संपर्क किया जा सकता है।

# राजस्थान में 2,756 वाहन चालक भर्ती की भी अधिसूचना जारी



**पदों की संख्या:** 2,756
**आवेदन की अवधि:-** 27 फरवरी 2025 से 28 मार्च 2025 योग्यता: मान्यताप्राप्त बोर्ड से दसवीं उत्तीर्ण। ड्राइविंग लाइसेंस के साथ 3 वर्ष का अनुभव। भारी और हल्के वाहन चलाने में दक्षता।
**चयन प्रक्रिया:-** चयन लिखित परीक्षा और ड्राइविंग टेस्ट के माध्यम से होगा। परीक्षा 22-23 नवंबर 2025 के बीच आयोजित की जाएगी।
**आवेदन प्रक्रिया:-** उम्मीदवार राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
**विशेष सुझाव:-** अंतिम समय में आवेदन से बचें और सभी दस्तावेज समय पर तैयार रखें।

# राजस्थान स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड (RSSB) ने DEO, नर्स और अन्य विभिन्न पदों के लिए भर्ती 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया



राजस्थान स्टाफ सेलेक्शन बोर्ड (RSSB) ने DEO, नर्स और अन्य विभिन्न पदों के लिए भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती में कुल 13,398 पदों पर नियुक्तियाँ की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार 18 फरवरी 2025 से 19 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**RSSB के द्वारा जारी किए गए पदों में**
•DEO (डेटा एंट्री ऑपरेटर)
•नर्स (GNM, B.Sc)
•सोशल वर्कर
•मेडिकल सहायक
•फार्मासिस्ट
•अन्य संबंधित पद

आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन होगी, और उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और दस्तावेज़ सत्यापन के आधार पर चयनित किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**
•ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ तिथि: 18 फरवरी 2025
•ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि: 19 मार्च 2025
•सुधार की अंतिम तिथि: 26 मार्च 2025
•लिखित परीक्षा तिथि: शीघ्र घोषित की जाएगी

**शैक्षिक योग्यता**
•DEO के लिए: स्नातक डिग्री और कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/ PGDCA/DOEACC
•नर्स के लिए: GNM या B.Sc नर्सिंग डिग्री और राजस्थान नर्सिंग काउंसिल में पंजीकरण
•फार्मासिस्ट के लिए: डिप्लोमा/ डिग्री इन फार्मेसी और राजस्थान फार्मेसी काउंसिल में पंजीकरण

**आवेदन शुल्क**
•सामान्य/ OBC/ EWS: ₹600
•SC/ST/PWD: ₹400
•भुगतान मोड: ऑनलाइन

**आयु सीमा**
•न्यूनतम आयु: 21 वर्ष
•अधिकतम आयु: 40 वर्ष (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में छूट प्रदान की जाएगी)

**चयन प्रक्रिया**
चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन और अन्य प्रक्रिया शामिल हैं।

**अधिक जानकारी के लिए**
आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं: वेबसाइट: www.rssb.rajasthan.gov.in

# आरएसएमएसएसबी सीएचओ, अन्य नर्स और भर्ती 2024 - 8,256 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन

इन पदों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (CHO), नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सामाजिक कार्यकर्ता, फार्मा सहायक, और अन्य शामिल हैं.

इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं. आवेदन करने की प्रक्रिया और योग्यता की जानकारी नीचे दी गई है.

शैक्षणिक योग्यता:-
सलाहकार: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से प्रासंगिक विषय में स्नातकोत्तर डिग्री/ डिप्लोमा के साथ एमबीबीएस। न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव
एएनएम/स्टाफ नर्स: भारतीय नर्सिंग परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्कूल/संस्थान से बीएससी नर्सिंग या जीएनएम कोर्स। राजस्थान नर्सेज मिडवाइव्स एवं हेल्थ विजिटर्स काउंसिल में पंजीकृत होना आवश्यक है।
सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ): किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बीएससी, पोस्ट बेसिक (नर्सिंग) या जीएनएम।
मेडिकल लैब तकनीशियन:- मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा.
डाटा एंट्री ऑपरेटर:- कम्प्यूटर दक्षता के साथ स्नातक।

**आयु सीमा:-**
न्यूनतम आयु : 18 वर्ष
अधिकतम आयु : 40 वर्ष (पदानुसार)
सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**एनएचएम वेतनमान:-** वेतन मैट्रिक्स – अधिसूचना देखें

**चयन प्रक्रिया:-** लिखित परीक्षा, दस्तावेज़ सत्यापन, अंतिम मेरिट सूची

**आवेदन की प्रक्रिया:-**
आरएसएसबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं: https://rsmssb.rajasthan.gov.in/
आवेदन करने की आखिरी तारीख 19 मार्च, 2025 है.

# आकाश इंस्टीट्यूट सेंटर का बारां में हुआ भव्य शुभारंभ

## -समारोह में प्रतियोगिता में सफल हुए छात्रों को किया सम्मानित

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका)। मेडिकल व इंजीनियर परीक्षाओं की तैयारी के लिए अग्रणी संस्थान आकाश इंस्टीट्यूट सेंटर की नई शाखा का रविवार 23 फरवरी को बारां में मेलखेड़ी रोड पर मेडिकल कॉलेज के सामने भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें शुरूआत में 15 कक्षाएं हैं, जिनमें एक हजार से अधिक छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त कोचिंग प्रदान की जाएगी। इस दौरान अतिथियों ने फीता काटकर इंस्टीट्यूट सेंटर का शुभारंभ किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक राधेश्याम बैरवा ने कहा कि बारां में भविष्य के लिए यह अच्छी शुरूआत है। छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग के लिए घर बैठे कम खर्च में उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। आकाश का बारां में आना छात्रों के लिए स्वर्णिम अवसर है। जो उन्हें उनके सपनों को पूरा करने में सहायता करेगा। समारोह में अंता विधायक कंवरलाल मीणा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की नींव होती है और आकाश इंस्टीट्यूट छात्रों के भविष्य को संवारने में मदद करेगा। किशनगंज विधायक ललित मीणा ने कहा कि प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए यह संस्थान छात्रों को आवश्यक मार्गदर्शन करेगा। बारां भी अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा।आकाश इंस्टीट्यूट के क्षेत्रीय निदेशक अखिलेश दीक्षित ने संस्थान के कार्यपद्धति व विजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आकाश का उद्देश्य केवल परीक्षा की तैयारी कराना नहीं, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। बारां आकाश की यह नई शाखा छात्रों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। समारोह को भाजपा से बारां-झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र ऑब्जर्वर छगन माहुर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेशसिंह सिकरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन, विभागीय रजिस्ट्रार सौमित्र मंगल व काठ्या बाबा आश्रम के आचार्य परमानंद आदि ने भी संबोधित किया।

**छात्र को उसकी क्षमता के अनुसार मिलेगा श्रेष्ठ मार्गदर्शनः** शर्मा बारां सेंटर के निदेशक प्रवीण शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि हर छात्र को उसकी क्षमता के अनुसार श्रेष्ठ मार्गदर्शन मिले। संस्थान छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इससे पूर्व निदेशक प्रवीण शर्मा व डॉ. हेमंत गोयल ने संस्थान की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

**मेधावी छात्रों को किया सम्मानित-**
समारोह में एएनटीएचई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक दीक्षित एवं अतिथियों ने मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र व पदक देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के अपमान तथा कांग्रेस विधायकों के निलम्बन को लेकर कांग्रेसजनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका) राजस्थान विधानसभा में भाजपा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री द्वारा देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी जी को दादी बताकर किए गए अपमान तथा विधानसभा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा सहित 6 कांग्रेस विधायकों के निलम्बन के विरोध में कांग्रेसी पार्टी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर शनिवार 22 फरवरी को कांग्रेसजनों द्वारा शहर के प्रताप चौक पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन किया गया और मुख्यमंत्री व सत्ताधारी पार्टी के विरोध में प्रदर्षन करते हुए नारेबाजी की गई। धरने को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने राजस्थान विधानसभा में देश की पूर्व महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी एवं कांग्रेस विधायकों के निलंबन को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होनें कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा की तरह अब विधानसभा में भी विपक्ष की आवाज दबाने का तरीका अपनाया है। पहले भाजपा सरकार के एक मंत्री द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी पर अमर्यादित टिप्पणी की गई और जब कांग्रेस विधायकों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें सदन से निलंबित कर दिया गया। यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए विपक्ष को दबाने में जुटी है। कांग्रेस सेवा दल जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि देश के लिए जान देने वाली महिला नेता श्रीमती इंदिरा गांधी पर की गई अपमानजनक टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। भाजपा सरकार पूरी तरह से तमाशा बन गई है और उसके पास पिछले एक साल में गिनाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज ने बताया कि विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा, पीसीसी सचिव चंद्रसिंह राणा, हंसराज मीणा उदपुरिया, पीसीसी सचिव धर्मराज मेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष किषनगंज अजीज नाजा, ब्लॉक अध्यंक्ष मांगरोल रामस्वरूप बैरवा, ब्लॉक अध्यक्ष अटरू भारतेन्द्र सिंह सिसोदिया, वरिष्ठ नेता अशरफ देशवाली, पार्षद पीयूष सोनी, मयंक मथोडिया, पार्षद जाकिर खान, हरिराम एरवाल, रोहित यादव, नासिर मिर्ज़ा, विरेन्द्र शान्त, ऋतिक शर्मा, अनिल सैन, बबलू नामा, उमेश सोनी, महावीर वर्मा, सुरेंद्र कुमार नागर, सोनू वाल्मीकि, लोकेश बैरवा, पंकज मीणा, गोलू मीणा, ओपी शर्मा, अनिल मेघवाल आदि मौजूद रहे।

# वाई जी एन एजुकेशनल ग्रुप का सालाना फंक्शन सम्पन्न



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। वाई. जी. एन. एजुकेशन ग्रुप का सालाना फंक्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। संस्था के चेयरमैन अरशद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य अतिथि दिलीप सैनी ने अपने उद्बोधन में स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री हरपाल सिंह राणा, हिम्मत सिंह हाडा बीजेपी नेता, नियाज़ अहमद निक्कू, सीनियर एडवोकेट जाकिर भाई, वसीम भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष कोटा दक्षिण जॉन्टी बेरवाल, साहिल मिर्जा, बबलू पठान, पार्षद प्रतिनिधि आसिफ भाई, बादशाह भाई, रफीक बंबइया, गुलाम मुस्तफा, पूर्व वार्ड पार्षद मोहम्मद हुसैन, अब्दुल वहाब चेयरमैन लिमरा स्कूल, दिलदार अली, इंजिनियर अब्दुल खालिद भाई, अफरोज भाई, रियाज भाई, एडवोकेट अबरार भाई, शाकिर अली शायर, नूर पठान, मोलाना मुशर्रफ कादरी, मुजाहिद हुसैन, आशीष, ललित दाधीच, सोनू भाई, सोहेल भाई, वाहिद भाई, अबरार भाई, राजा वारसी, जाहिद निजामी, जावेद इकबाल, साबिर खिलची, शमशेर भाई, सैफ अली गोलू, आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इकबाल मंसूरी जूनियर अन्नू कपूर ने किया ।

# रिलायबल कंप्यूटर सेंटर में महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण शुरू



सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। कस्बे के रिलायबल कंप्यूटर सेंटर पर राजस्थान सरकार द्वारा इंदिरा महिला शक्ति एवं संवर्धन योजना के अंतर्गत चयनित सभी छात्राओं को आर एस सी आई टी एवं आर एस सी एफ ए (टैली) कोर्स का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया। रिलायबल कंप्यूटर सेंटर की कंप्यूटर अध्यापिका जिया खान ने बताया कि 5 फरवरी 2025 से 22 चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही रिलायबल कंप्यूटर के संचालक जरीफ ने बताया कि हर साल सरकार की और से महिलाओं को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु आवेदन करवाए जाते हैं, जिसमें सुकेत के आसपास के गांव के महिलाओं द्वारा आवेदन कर पात्र महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है एवं बायोमेट्रिक अटेंडेंन्स द्वारा 65% उपस्थिति पर ही महिला मुख्य परीक्षा के लिए पात्र मानी जाती है। कोर्स का प्रमाण पत्र वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा दिया जाता है जो सरकारी नौकरी के लिए भी पात्रता रखता है।

# जिला प्रभारी सचिव ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## -गुणवत्ता सुनिश्चित एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के दिए निर्देश

**शब्बीर हुसैन**



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रभारी सचिव एवं पीडब्ल्यूडी अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने जिले के विभिन्न विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन एवं कार्यों की गुणवत्ता जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अंता बायपास सीसी रोड का निरीक्षण किया, सड़क के निर्माण की गुणवत्ता को देखा और अधिकारियों से जानकारी ली। जिला प्रभारी सचिव अंता बमूलिया कलां में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सहरिया मॉडल कॉलोनी ग्राम पंचायत बांसथूनी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता का मूल्यांकन किया और अधिकारियों को जल्द से जल्द परियोजना को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मॉडल कॉलोनी में सोलर प्लांट द्वारा सामूहिक रुप से सहरिया समुदाय को विद्त आपूर्ति करने की सलाह दी। उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की और कहा सहरिया परिवारों को स्वच्छता, जल आपूर्ति, बिजली, शिक्षा एवं रोजगार और अन्य आवश्यक मूलभूत सेवाओं की सुचारू व्यवस्थाएं मिले ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सकें। उन्होंने ऊनी में सहरिया परिवारों के लिए निर्माणाधीन बहुउद्देशीय केंद्र का भी निरीक्षण किया। यह केन्द्र विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों और कार्यशालाओं के लिए उपयोगी होगा। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न होने की सलाह दी और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी ध्यान देने की आवश्यकता जताई। नलका फाटक सीसी रोड का निरीक्षण किया, इसे जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेलखेड़ी रोड स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। मेडिकल कॉलेज की हालत और सुविधाओं का जायजा लेते हुए उन्होंने कॉलेज के प्रशासन से इसके विस्तार और सुधार के बारे में भी चर्चा की।

# मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान, आंखों के लैंस प्रत्यारोपण तथा विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन

**शब्बीर हुसैन**




कोटा, (रॉयल पत्रिका)। रविवार को मिल्लत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा MCT क्लीनिक व डायग्नोस्टिक सेंटर विज्ञान नगर, कोटा में आंखों के लैंस प्रत्यारोपण, रक्तदान तथा मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हाजी हयात खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र पर 195 लोगों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 22 लोगों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया जिनका आँखों का ऑपरेशन जिला अंधता निवारण समिति कोटा के सहयोग से डॉक्टर सुधीर गुप्ता द्वारा लैंस प्रत्यारोपण किया गया।

ट्रस्ट द्वारा सभी मरीजों को आंखों के नंबर के चश्मे, काले चश्मे परामर्श उपरांत दवाईयाँ निशुल्क वितरित की गई। रक्तदान शिविर मे 45 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही सभी रक्तदाताओं को ट्रस्ट की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल शिविर में 320 लोगों को विभिन्न बीमारियों का परामर्श, सभी तरह की जांच व निशुल्क दवाइयां दी गई।

शिविर में कोटा बूँदी बारां, झालवाड़ तमाम हाड़ोती से आए पेशेंटो ने अपनी आँखे चैक कराई । चेयरमैन हाजी खलील अहमद कुरैशी ने सहयोग देने के लिए जिला अंधता निवारण समिति कोटा हेल्पिंग हैंड समिति, सुधा मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक सेंटर कोटा तथा अपनी सेवाएं देने के लिए वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर एन डी पठान, डॉ. अमरीन पठान, डॉक्टर अशत इजान, डॉक्टर अकील खान, सर्जन डॉक्टर आमिर पठान, डेंटल चिकित्सक डॉक्टर अल्फा सैयद, वरिष्ठ सर्जन अरुण समर, महिला रोग चिकित्सक डॉक्टर अमीना खान, डॉक्टर सिम्मी अनवर, इलेक्ट्रो एक्युपंचर थेरेपी डॉक्टर समद खान, फिजियोथेरेपिस्ट् डॉक्टर फातिमा खान आदि का आभार व्यक्त किया। अंत में शिविर संयोजक सलीम अब्बासी ने शिविर में सेवा देने के लिए समस्त नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल टीम, एम आर टीम, व सभी सहयोग करने वाले ट्रस्टी हजरात जिनमें मुख्य रूप से राशिद खान, आमिर नवाब, इमाम मंसूरी, निसार अहमद, लईक अहमद, असलम रोमी, अशफाक मंसूरी, नजमा यूसूफी, श्रीमान जैन साहब, जावेद खान, मुशताक अहमद, फजलु रेहमान, इमरान अंसारी, सिराज अंसारी, अनवर अंसारी जाकिर इंजीनियर मुख़्तार अंसारी, रशिदुद्दीन, अबरार अहमद, शाहिद भाई ई मित्र, मोहिउद्दीन, तरन्नुम नाज़, शोरीना एडवोकेट, हिना हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रभारी जनाब जाकिर आसफी तथा शिविर में पधारे विशिष्ट मेहमानों में सुधा हॉस्पिटल के डारेक्टर R K अग्रवाल, जफर भाई ठेकेदार , समाज सेवी नियाज अहमद निक्कू, इशाक मामू, हेल्पिंग हेंड सोसाइटी के अफरोज खान, मेहफूज कचारा, पार्षद कपिल शर्मा, कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहोरिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लजोन्टी बीरवाल, समाज सेविका गजाला खान, रेखा लखेरा, संजय त्रिपाठी, प्रतिभा दीक्षित, रईस कादरी, शफीउल्लाह भाई असलम भाई एंवम बाहर से आने वाले सभी मेहमानों का शुक्रीया अदा किया।

# निबंध प्रतियोगिता में नमरा जिले में अव्वल




सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। भगवान महावीर स्वामी के निर्माण कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में अध्यात्म परिवार ने कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें ऑलमाइटी पब्लिक माध्यमिक विद्यालय की छात्रा नमरा पुत्री नाजिल खान, कक्षा 10 ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दो अन्य छात्र शाहनवाज, कक्षा 10 और सोफिया मंसूरी, कक्षा 6 को सांत्वना पुरस्कार व पारितोषिक मिला। प्रतियोगिता हिंडौन सिटी में हुई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना और विशिष्ट अतिथि हितेंद्र मोता, मैनेजिंग ट्रस्टी, अध्यात्म परिवार ने विजेताओं को राशि व पारितोषिक प्रदान किए। संत मणि रत्न सागर जी ने बच्चों को आशीर्वचन दिए। नमरा के साथ स्कूल के संचालक शाहिद खान भी मौजूद रहे।

# डॉ. अवान खान की "सेवा आयुर्वेद" क्लिनिक का भव्य उद्घाटन

## -रकमा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अशफाक खान के बेटे हैं डॉ. अवान खान

**शब्बीर हुसैन**



कोटा, (रॉयल पत्रिका)। राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी एसोसिएशन (रकमा) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व एनटीपीसी अंता के वरिष्ठ लेखाधिकारी डॉ अशफाक खान के बेटे डॉक्टर अवान खान (BAMS.DIPM) द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति के जरिए इलाज को उपलब्ध करवाने की मंशा के अनुरूप रविवार को सेवा आयुर्वेद क्लीनिक का उद्घाटन वरिष्ठ आयुर्वेदिक चिकित्सक अभिनव गौड़ ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉक्टर अभिनव गौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में लोगों का रुझान आयुर्वेद की तरफ काफी बढ़ रहा है जिसका कारण एलोपैथी दवाई के लगातार इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभाव। इससे बचने के लिए बीमार व्यक्ति फिर से आयुर्वेदिक चिकित्सा की तरफ लौट रहे हैं। डॉक्टर अवान खान ने कहा कि आयुर्वेद हजारों सालों से चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से बीमारी से पीड़ित लोगों को पक्का इलाज मुहैया करवाता आ रहा है। इसी मंशा के अनुरूप सेवा आयुर्वेद क्लीनिक को शुरू किया जा रहा है। डॉक्टर अवान खान ने बी.ए.एम.एस. के पश्चात पुणे से डिप्लोमा इन पेन मैनेजमेंट (DIPM) किया। इस पद्धति के माध्यम से नसों से संबंधित रोगों, ज्वाइंट से संबंधित रोगों का इलाज ओर आधुनिक मशीन द्वारा नाड़ी परीक्षण व विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में शहर के कई लोग शामिल हुए।

# भवानीमंडी में जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न

फिरोज खान वारसी




झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। भवानीमंडी में जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 23 फरवरी को जैन बोर्डिंग परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर के पत्रकारों ने भाग लिया और पत्रकारिता के हितों एवं सुरक्षा को लेकर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट श्रद्धा गोमे रहीं, जिनका नगर अध्यक्ष कपिल चौहान ने गुलदस्ता व शाल भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल ने की। मुख्य अतिथि श्रद्धा गोमे ने अपने संबोधन में कहा कि "मैंने भी देश के कई बड़े संस्थानों के लिए लेखन किया है और कानून की पढ़ाई की है। संविधान को संतुलित बनाए रखने में मीडिया की अहम भूमिका है।" इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल ने पत्रकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि "जिस पथ में बिखरे शूल न हों, उस पथिक की कुशलता क्या?" इस अवसर पर एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुप्ता 'तेज' एवं ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के जनरल सेक्रेटरी अनिल भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंचासीन अतिथियों मां जिला संरक्षक राधेश्याम काला, जिलाध्यक्ष ललित शर्मा एवं प्रदेश सचिव सुशील भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में पत्रकारों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने की शपथ ली। इसके बाद पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों को मोमेंटो, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, उपाध्यक्ष अनिल मीणा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तोलिया, ग्रेन सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष सुदीप सालेचा, खाद व्यापार संघ अध्यक्ष राजेश नाहर, व्यापार संघ अध्यक्ष गिरीश सोमानी, पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह होरा, समाजसेविका सविता सहित कई गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रद्युम्न शर्मा ने किया, जबकि जिला महासचिव रणजीत मेघवाल ने कार्यक्रम के सूत्रधार की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति स्वरूप मां दुधाखेड़ी माताजी की तस्वीर भेंट की गई।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी आयोजित

## -सरकारी सेवा में चयनित होनहार स्टूडेंट्स का किया सम्मान




बांरा, (रॉयल पत्रिका)। शनिवार 22 फरवरी को मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के तत्वावधान में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी ओर सम्मान समारोह शेख टापरी मांगरोल रोड़ पर आयोजित कर खिराज ए अकीदत पैश की गई। सरकारी सेवा में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय में पोस्टिंग होने पर दोनों छात्राओं रुखसाना बानो पुत्री डॉक्टर हाजी अब्दुल रशीद, बेनजीर पुत्री अध्यापक अब्दुल सलीम, ओर डॉक्टर सकलेन सलाम पुत्र अब्दुल सलाम आजाद को संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर, मुंह मीठा करवाकर ओर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।संस्थान के अध्यक्ष शेख बहादुर अली ने बताया कि मदरसा अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर माजिद सलीम ने मौलाना आजाद की जीवनी पर रोशनी डालते हुए कहा कि मौलाना साहब हमारे कौमी रहनुमा थे, वो आजाद हिन्दस्तान के पहले वजीर ए तालीम .शिक्षा मंत्री थे। उनकी दूरदर्शी सोच और देश के प्रति प्रेम के जज्बे की वजह से उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जाकिर मंसूरी, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष शाहिद कूंडी, संस्थान के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र गोयल शैलू, सलाहकार हाजी डॉक्टर अब्दुल रशीद, नगर अध्यक्ष शाहिद इकबाल भाटी, मदरसा बोर्ड के डिप्टी चैयरमैन जाकिर खिलजी, पार्षद परवेज खान, भाजपा के इकबाल नेता, अशफाक कादरी, मोहम्मद रुस्तम, अरबाज खान जुनैद सहित लोगों ने होसला अफजाई कर खिराजे अकीदत पेश की।

# ए.एस.आई. कंपनी के द्वारा अवैध खनन व अत्याचार के मामले में स्टोन कंपनी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज



**डॉ० तौहीद खान**

सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। कुंभकोट के निवासियों की ओर से सलावद खुर्द में सरकार आपके द्वार शिविर में शिक्षा मंत्री को दी गई शिकायत पर शुक्रवार को सुकेत थाने में मामला दर्ज किया गया है। ग्रामीणों ने एकत्र होकर एएसआई कंपनी के मालिक दीपक जटिया के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अधिनियम के तहत धारा 3 व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले ग्रामीण कुलदीप महावर ने बताया कि एएसआई कंपनी की ओर से ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय से लेकर पीने के पानी एवं खदान में भरे दूषित पानी से फैल रही गंदगी से कई बीमारियां फैल रही हैं। एएसआई कंपनी की ओर से सड़क निर्माण पर रोक लगा रखी है एवं नाली निर्माण के ऊपर भी रोक लगा रखी है। जिससे पूरे कस्बे में सड़कों एवं गलियों में कीचड़ फैल रहा है। इससे ग्रामीणों को घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों की ओर से 22 लोगों ने कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# जिला मुख्यालय पर तीन दिवसीय चूरू महोत्सव – 2025 आयोजित

**-कार्यक्रम में पदमश्री गुलाबो सपेरा, बॉलीवुड पार्श्व गायक रविंद्र उपाध्याय, वायब्रेंट इंडिया समूह ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां**

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पुलिस लाइन में चल रहे चूरू महोत्सव - 2025 के पहले दिन शाम को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, एसपी जय यादव, सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारियों व चूरूवासियों ने शिरकत की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि चूरू की संस्कृति संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है। यहां के पंडित भरत व्यास ने सिनेमा जगत में बहुत बड़ा नाम कमाया है। यहां की संस्कृति की बदौलत चूरू को छोटी काशी कहा जाता है। सभी लोग मिलकर लोकरंग का आनंद लें और अपनी विरासत का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि यहां के वीरों ने देश प्रेम की उत्कट ज्वाला से 1930 में आजादी से 17 साल पहले ही तिरंगा फहराया गया था। यह भामाशाहों, संस्कारों और संस्कृति की धरती है। इसलिए हम इसको आत्मसात करें और भावी पीढ़ी को भी विरासत में दें। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू महोत्सव 2025 का आयोजन एक विशेष और सराहनीय पहल है। आज से 18 साल पहले आयोजित चूरू महोत्सव की यादें ताजा हो गई हैं। हम इसी तरीके से अपनी सक्रिय भूमिका के साथ यहां की संस्कृति, संस्कार एवं परंपराओं को जिएं और उन्हें आगे बढ़ाएं।

इस अवसर पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, प्रभारी सचिव भास्कर ए सावंत, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा आदि अतिथियों ने प्रवासी सम्मान गौरवश्री अवार्ड से प्रवासी चूरूवासियों का सम्मान किया। पदमश्री गुलाबो ने तीसरी पीढ़ी के साथ दी प्रस्तुति सांस्कृतिक संध्या के दौरान पदमश्री गुलाबो ने अपनी तीसरी पीढ़ी के साथ लोकगीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी के साथ कोक स्टूडियो फेम भंवरी देवी, प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर द्वारा निर्देशित वाइब्रेंट इंडिया समूह नृत्य प्रस्तुति और बॉलीवुड पार्श्व गायक रविंद्र उपाध्याय ने हिंदी गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल, एएसपी कृष्णा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, चूरू एसडीएम बिजेंद्र सिंह, तारानगर एसडीएम राजेंद्र कुमार, रतनगढ़ एसडीएम रामकुमार वर्मा, तहसीलदार अशोक गोरा, राजगढ़ तहसीलदार धीरज झाझड़िया सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

# सूफी संतों ने देश भर में अमन चैन और भाईचारा स्थापित किया : शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार

**-फैजाने ओलिया कॉन्फ्रेंस उर्स-ए- कादरी कुल की रस्म के साथ संपन्न**



चूरु (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित जामा मस्जिद परिसर में अंचल के महान सूफी विद्वान हजरत अल्लामा मुफ्ती सैयद इनायतुल्लाह साहब कादरी (रह) व हजरत मौलाना मुफ्ती सैयद मोहम्मद सिद्दीक शाह साहब कादरी के वार्षिक उर्स ए कादरी झंडे की रस्म के साथ शुरु हुए। शहर इमाम सैयद मोहम्मद अनवार नदी मुल कादरी की सदारत में फैजाने ओलिया कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें विशेष आमंत्रित हजरत हाफिज नौशाद अहमद कादरी बीकानेरी ने संबोधित किया । देर रात तक चला कार्यक्रम में शहर इमाम ने कहा सूफी -संतों ने देश -भर में अमन-चैन और भाईचारे का पैगाम दिया। उर्स- ए -कादरी में अकीदतमंद लोगों ने भाग लिया खानका -ए -कादरिया के पीठाधीश्वर सैयद अबरार हुसैन कादरी ने बताया कि इस अवसर पर बाद नवाज मगरिब के एक आम लंगर (खाना) का भी इंतजाम किया गया और दिनभर अकीदतमंदो ने मजार पर चादर चढ़ाई और मन्नतें मांगी, दिन भर जायरीनों का हुजूम लगा रहा। फूल-मालाएं व चादर चढ़ाई गई और दुआएं की गई । उर्स के मौके पर सैयद मंजूर आलम, सैयद मोहम्मद हुसैन, सैयद गुलाम मुस्तफा, मौलाना अनीस रजा, आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में देर रात तक नाते पाक व तकरीर का कार्यक्रम हुआ और सलातो सलाम पढ़ा गया और कुल की रस्म के साथ उर्स ए कादरी का समापन हुआ। कार्यक्रम का संयुक्त सफल संचालन इदरीश राज चूरवी एवं मौलाना जमील अख्तर बीकानेरी ने किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



पाली (रॉयल पत्रिका)। राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा भारत रत्न शहीद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का अपमान एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा समेत छह विधायकों के निलंबन के खिलाफ दिनांक 22 फरवरी को पाली जिला मुख्यालय पर दोपहर 1:00 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय पाली से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा है कि आज राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी पर टिप्पणी की। अब इस मामले के संदर्भ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा सहित 6 विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया है। भाजपा के एक मंत्री द्वारा निर्लज्जता दिखाते हुए देश की पूर्व प्रधानमंत्री के लिए औचित्यहीन व गरिमा से दूर टिप्पणी की गई और जब कांग्रेस ने माफी मांगने के लिए कहा तो कांग्रेस जिसको जनता ने पांच साल जनता के मुद्दे उठाने के लिए सदन में विपक्ष की भूमिका दी है। उनमें विधायक गोविंद सिंह डोटासरा, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना, अमीन कागजी, जाकिर हुसैन गैसावत, हाकम अली खान, संजय कुमार को निलंबित करके राजस्थान विधानसभा के संसदीय इतिहास को धूमिल करने का कार्य किया है।

लोकतंत्र में विपक्ष जनता की आवाज़ होता है और तानाशाह भाजपा जनता की आवाज को दबाना चाहती है, कुचलना चाहती है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अविनाश गहलोत माफी मांगों स्पष्ट है कि भाजपा विधानसभा की कार्यवाही को चलने नहीं देना चाहती है। और इस प्रकार की अनर्गल बयानबाजी लगातार की जा रही है।

इससे पहले भाजपा विधायक ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. शिवचरण माथुर पर भी अनर्गल बयानबाजी की थी। राज्य के विकास पर चर्चा नहीं की जा रही है बल्कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर टिप्पणी करके भाजपा अपना चेहरा जग जाहिर कर रही है।

भाजपा को सदन में मंत्री द्वारा दी गई टिप्पणी पर खेद प्रकट कर, कार्यवाही से निकालना चाहिए और कांग्रेस विधायकों का निलंबन समाप्त करना चाहिए। विधायकों को बहाल कर मंत्री को बर्खास्त किया जाए । इस मौके पर प्रदेश महासचिव शिशुपाल सिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह सुकरलाई, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, नेता प्रतिपक्ष हकीम भाई, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, पूर्व जिला महामंत्री अरूण जोशी, शहर संगठन महामंत्री भंवर राव, पंचायत राज जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल, जिला महासचिव रफीक चौहान, मण्डल अध्यक्ष चेलाराम रारबडा, राजेन्द्र मेघवाल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रोहट मंगलाराम भींडर, ताराचंद टांक, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष लाल मोहम्मद सिंधी, दिनेश दवे, रमेश चावला, भेराराम गुर्जर, सुनील रामावत, आमीन अली रंगरेज, माणक गर्ग, जावेद सिरोहा, कमरूद्दीन पठान, असगर कूरैशी, शमीम खत्री, एडवोकेट विक्रम चंदानी, ललित बामनिया, जब्बरमल जांगिड़, उम्मेद सांखला, राजुपाल, नैनाराम बंजारा, चन्द्रपाल पुनायता, अनवर खां सिपाही सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी पर असंसदीय टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खिचड के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को लेकर राजस्थान विधानसभा में की गई असंसदीय टिप्पणी एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा समेत 6 विधायकों के निलंबन के खिलाफ चूरू जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट के आगे विधानसभा अध्यक्ष का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। चूरू जिला अध्यक्ष इन्द्राज खिचड ने कहा कि दिल्ली की तरह अब भाजपा राजस्थान में भी नीच हरकतों पर उतर आई है। विश्व विख्यात नेता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में भाजपा के अविनाश गहलोत द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की उनको माफी मांगनी चाहिए। लेकिन गहलोत को सस्पेंड करने की बजाए राज्यपाल के अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष को भाषण देने से रोकने के साथ तानाशाही दिखाते हुए प्रदेशाध्यक्ष समेत 6 विधायकों को सस्पेंड करना सरासर लोकतंत्र का अपमान और तानाशाही है। मैं इसकी कड़े शब्दों में भाजपा के इस जनता विरोधी, लोकतंत्र विरोधी, अनैतिक व्यवहार की निंदा करता हूं। इस लज्जाहीन और अमर्यादित टिप्पणी के लिए अविनाश गहलोत को माफी मांगनी चाहिए, साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा समेत 6 विधायकों के निलंबन को तत्काल निरस्त कर सदस्यता बहाल करने की मांग की।आगे उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अब लोकतंत्र के मंदिर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को सम्मान के साथ न तो बोलने का अधिकार बचा है और गलत बातों का विरोध करने पर तत्काल निलंबित कर सदन से बाहर कर देना सत्ताधारी भाजपा सरकार की निरंकुश और तानाशाही रवैये को दर्शाती है। इस दौरान नगर अध्यक्ष असलम खोखर, देहात अध्यक्ष किशोर दादु, पंचायत समिति प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण, किसान नेता आदूराम न्यौल, रमजान खां, नारायण बालाण, सीताराम खटीक, रामप्रताप कांटिवाल, अबरार खां, जमील चौहान, विमल शर्मा, ताराचन्द सारण, सोहनलाल मेघवाल, सोयल डीके, सद्दाम हुसैन, अजीज दिलावरखानी, मुस्ताक खां, शेर खान मलखाण, बजरंग बजाड, श्रवण बसेर, रामचन्द्र सुण्डा, कुरडाराम भाकर, असलम खां मोयल, कृष्ण सुण्डा, युसुफ लुहार, सदीक लीलगर, बालीबाई, अली मोहम्मद भाटी, समीउल्लाह, किशानाराम बाबल, महबूब खान, शंकर चंदेलिया, रामनारायण व्यास, अनिल श्योता, घनश्याम अलवरिया, सिराज जोईया, जाफर खां जोईया, किशन प्रजापत, आमीन खां, फरमान खां, चन्दनमल मेघवाल, राजेश फोजी, शकुर शेख, विजय जालान, अब्बास खां, बाबू मंत्री, प्रमेन्द्र सिहाग, अनीस खां, ज्योति सिंह, सूर्यप्रकाश वर्मा, विकास मील, हेमन्त सिहाग, अजीज गौरी, हाजी जाफर, प्यारेलाल दानोदिया, इस्माईल भाटी, इस्लाम खान, धर्मेंद्र ढाका, नरेश पिलानिया, अली हसन, सोयल, शमशेर खां, अब्दुला कुरेशी, सलीम गौरी, मनीष कुमावत, हेमन्त सैनी, बुन्दा लुहार, गोपाल शर्मा, मदन मेघवाल, आनन्द सैनी, अनूप लुगरिया, जाफर दोलतखानी, नानकराम डूडी, दिपेश शर्मा, सुलेमान मणियार, नीरज शर्मा, फारूक चौहान, रामानन्द सातडा, सचिन सैनी, रामनिवास सारण, खालिद कुरैशी, प्रित चावरिया, सुरेन्द्र कोठारी, प्रताप पुनियां, हरफूल भाम्भू, निरंजन शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर की गई असंसदीय टिप्पणी पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



नागौर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी को लेकर की गई असंसदीय टिप्पणी पर विपक्ष के नेता टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के विरोध के बाद पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा सहित हमारे कांग्रेस के छह विधायकों को सदन से निलंबित करने पर नागौर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हनुमान बाँगड़ा के नेतृत्व में पर्ची सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला फूंका। कार्यकारी जिलाध्यक्ष कांग्रेस हनुमान बाँगड़ा ने कहा कि भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि संसदीय आचरण और मर्यादा जनादेश का पालन करने में है, अहंकार और किसी के अपमान में नहीं। विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी जी को लेकर भाजपा सरकार के मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी बेहद निंदनीय और संसदीय गरिमा को तार-तार करने वाली है। मंत्री को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए सदन में भाजपा सरकार के मंत्री अपनी नाकामियां छिपाने के लिए देश के महान नेताओं पर अमर्यादित टिप्पणियां कर रहे हैं। मुद्दों पर जवाब देने की जगह असभ्य भाषा से विपक्ष को उकसाकर गतिरोध पैदा करना एवं कुचलना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी इनकी तानाशाही के खिलाफ मज़बूती से लड़ाई लड़ेगी। बाँगड़ा ने कहा कि आखिर प्रश्नकाल में मंत्री को अपने जवाब के अलावा ऐसी टिप्पणी करने की क्या आवश्यकता थी? देश के लिए जान देने वाली नेता पर ऐसी ओछी मानसिकता से की गईं टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसा लगता है कि पूरी सरकार ही तमाशा बन गई है। सरकार के पास एक साल का कोई काम गिनाने के लिए नहीं था इसलिए अभिभाषण पर इनकी असफलताएं उजागर करने वाला नेता प्रतिपक्ष का भाषण नहीं होने दिया। अब हमारे प्रदेशाध्यक्ष सहित दलित, पिछड़े, आदिवासी एवं अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाले विधायकों को बजट सत्र से सस्पेंड कर दिया गया। कहीं ये बजट पर चर्चा से ध्यान भटकाने का ही तो प्रयास नहीं है? ऐसा लगता है कि राजस्थान की भाजपा सरकार विधानसभा चलाना ही नहीं चाहती है इसलिए कभी उनके मंत्री दिवंगत प्रधानमंत्री पर तो कभी इनके विधायक दिवंगत मुख्यमंत्री पर अनर्गल टिप्पणी करते हैं। यह सब भाजपा की स्तरहीन सोच का नतीजा है जो राज्य के विकास पर चर्चा नहीं करना चाहती। इस कार्यक्रम में प्रदेश सचिव आईदानराम भाटी, शौकत अली, खुर्शीद अली, जिला महासचिव दिलफराज, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष पुनाराम मेघवाल, शहर ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल हमीद गौरी, चांद मोहम्मद, खींवसर ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र फिड़ोदा, मनीष मिर्धा जगदीश खुरड़ीया, अजय चांगरा, मोहम्मद हारून, दीपक सैनी, कृपाराम भवर ढाका, श्रवण कुमार मानव, सरफुदीन सोलंकी, मोहन मेघवाल, कुम्भाराम सियाग, करणी दास जावा, उस्मान, इकबाल दिलवाली, हीरालाल, किशनाराम मेघवाल, हिनायद खां, रामदेव मेघवाल, महेन्द्र, भानू प्रताप, कालू गोदारा, नेमीचन्द भाटी, रवि सोमेश सोलंकी, फरीद खां रामचंद्र मेघवाल मनीष बनवारी हरिजन राजू सुरेश आदि मौजूद रहे।

# मौलाना आज़ाद विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक व अन्य पदाधिकारियों की जमानत मंजूर



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी, जोधपुर से जुड़े 140 बीघा जमीन विवाद के मामले में गिरफ्तार किये गये मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक, रजिस्ट्रार अनवर अली खान, व पदाधिकारी निसार अहमद खिलजी की रविवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 7 ने जमानत मंजूर कर ली। गत शनिवार 22 फरवरी 2025 को एसीपी बोरानाडा द्वारा इन्हें गिरफ्तार किया गया था। जिस पर न्यायालय ने दोनो पक्षो की लम्बी बहस सुनकर जमानत पर रिहा किया। उक्त मामले में पूर्व में भी एफ.आर (फाइनल रिपोर्ट) लग चुकी थी एवं माननीय उच्च न्यायालय ने इनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी थी। जिस पर कोर्ट ने काफी लम्बी बहस के बाद इनकी जमानत मंजूर कर ली।

# उर्स में अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम

**-बेहतरीन कल के लिए आज संघर्ष करें - फाजिल अशरफी**

**-हजरत चांद शाह बाबा और जलालुद्दीन बाबा का उर्स सम्पन**



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। साजिद खान ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी सोजती गेट स्थित हजरत चांद शाह बाबा और हजरत जलालुद्दीन बाबा के उर्स के मौके पर अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम उर्स के मौके पर सय्यद मुहम्मद फाजिल अशरफी द्वारा कहा गया कि समाज आने वाली नस्लों के भविष्य के लिए नशे को छोड़कर आज से ही बच्चों की उच्च शिक्षा के प्रबंध के लिए आगे आए तो निश्चित तौर पर आगामी समय में समाज तरक्की की राह पर बढ़ सकता है। इसके लिए हम सबको मिलजुल कर प्रयास करने की जरूरत है।

मौलाना साजिद हुसैन और मौलाना हाफिज जावेद कादरी ने कहा कि समाज की कमाई का बहुत बड़ा हिस्सा फिजूलखर्ची में बर्बाद हो रहा है और वह भी नशा, सट्टा, आनलाइन गेमिंग ओर फिजूल रस्मों पर इसलिए अब जरूरत है कि हम आगे बढ़े और समाज की मजबूती के लिए हर उन सभी चीजों का त्याग करें। जिससे समाज को नुकसान होता हो, अगर पीड़ित परिवारों ने नशे की लत, ऑनलाइन गेम, ब्याज, सट्टा, फिजूल खर्ची आदि कुरीतियां छोड़ दी तो निश्चित तौर पर आने वाली नस्ल मजबूती की ओर बढ़ेगी।

हाजी मोइनुद्दीन अशरफी ने देश में अमन-चैन और समाज की तरक्की के लिए दुआं की मंच संचालन मास्टर हसनैन ने किया। साजिद खान ने प्रोग्राम में आए सभी अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा किया। मोहम्मद फुरकान ओर इश्तियाक अत्तारी ने बताया कि इस मौके पर हाजी मोइनुद्दीन अशरफी, मौलाना हाफिज जावेद, मुफ्ती मोहम्मद हुसैन, मौलाना अब्दुल माजीद, मौलाना अब्दुल रहीम, हाफिज मोहम्मद हुसैन, सलीम पंवार, इंसाफ अली भाईजान, मोहम्मद जावेद, शकील पठान, सैयद मौलाना जलालुद्दीन, मौलाना बरकत साहब, मौलाना अली, मौलाना मोहसिन रजा, कारी अत्ताउर रहमान साहब, मौलाना सद्दाम साहब, मास्टर हसनैन अशरफी, आसिफ नूरी, खालिद खलीफा, शाहरुख खान, मोहम्मद फुरकान, मसरूर खान, मोहम्मद जीशान, साजिद खान, माहिर साहब, एडवोकेट खालिद आदि उपस्थित थे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर खिराज- ए -अकीदत पेश की



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय स्थित मदरसा इन्दिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की पुण्यतिथि मनाई गई। रॉयल विकलांग विकास संस्थान चूरू प्रदेशाध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी ने मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जीवनी के बारे में जानकारी दी। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद या अबुल कलाम गुलाम मुहियुद्दीन (11 नवंबर, 1888 - 22 फरवरी, 1958) एक प्रसिद्ध भारतीय मुस्लिम विद्वान थे। वे कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। भारत की आजादी के बाद वे एक महत्त्वपूर्ण राजनीतिक पद पर रहे। वे महात्मा गांधी के सिद्धांतों का समर्थन करते थे। खिलाफत आंदोलन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1923 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे कम उम्र के प्रेसीडेंट बने। वे 1940 और 1945 के बीच कांग्रेस के प्रेसीडेंट रहे। आजादी के बाद वे भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के रामपुर जिले से 1952 में सांसद चुने गए और वे भारत के पहले शिक्षा मंत्री बने। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। इस मौके पर डॉ. प्रियंका मीणा, डॉ. अमित कुमार द्वारा बच्चों का वजन ऊंचाई एवम् स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व मौसमी बीमारी की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव हाजी युसूफ खान रूकनखानी, प्रधानाध्यापिका सबीना बानो, शिक्षा अनुदेशिका अल्लादेई, शिक्षा अनुदेशक असलम खान, शिक्षा अनुदेशक जान मोहम्मद व विद्यार्थियों ने मौलाना अबुल कलाम आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आमीन अली रंगरेज का पवित्र हज यात्रा 2025 के केंद्रीय हज प्रशिक्षक के लिए हुआ चयन

**-रंगरेज 24 व 25 फ़रवरी को केन्द्रीय हज कमेटी मुम्बई में लेंगे 2 दिवसीय प्रशिक्षण।**



पाली (रॉयल पत्रिका)। पाली पूर्व पार्षद आमीन अली रंगरेज हज प्रशिक्षक के रूप में पवित्र हज यात्रा 2025 के लिये राजस्थान से जाने वाले हज यात्रियों को हज यात्रा सम्बंधित जानकारियों के लिये प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय हज कमेटी मुंबई ने नई हज पॉलिसी के तहत नई पात्रता रखते हुए प्रथम बार देश के सभी राज्यो के राज्य हज कमेटी के माध्यम से पात्र उम्मीदवारों से कम्प्यूटर बेस टेस्ट (सी बी टी) करवाये गये थे उसी के अनुरूप राजस्थान से भी राज्य हज कमेटी जयपुर के माध्यम से जयपुर में हुए कम्प्यूटर बेस टेस्ट (सीबीटी) परीक्षा पास करने पर पाली के पूर्व पार्षद कांग्रेस नेता आमीन अली रंगरेज का भी चयन किया है।

उसी के तहत केन्द्रीय हज कमेटी मुम्बई में दो दिवसीय ट्रेनर टू ट्रेनी कार्यक्रम 24 व 25 फ़रवरी को आयोजित हो रहा है। जिसमें राजस्थान के पाली जिले से चयन किया गया है। रंगरेज के हज प्रशिक्षक के रूप में चयन होने पर हज कमेटी सदस्यों, विभिन्न समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजनों ने बधाई दी।

# डीएपीएस स्कूल के बच्चों ने यतीम बच्चों के लिए किया सराहनीय कदम

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। दार अल अरक़म पब्लिक स्कूल (डीएपीएस) के बच्चों ने एक अनोखी पहल की और यतीम बच्चों के साथ वक्त बिताया। स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे यतीमखाने पहुंचे, जहां उन्होंने नन्हे हाथों से यतीम बच्चों को तोहफे दिए और उनके साथ बातचीत की।इस मौके पर कक्षा-1 के बच्चों ने यतीम बच्चों से मिलकर उनकी दिनचर्या के बारे में जाना और उन्हें अपनी मोहब्बत का अहसास कराया। बच्चों ने एक दूसरे से खुलकर बातें की और यतीम बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई।स्कूल के बच्चों ने यतीम बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अल्लाह से दुआ की और उनके लिए सहायता राशि भी दी, जो उनके माता-पिता और स्कूल के प्रबंधन ने इकट्ठी की थी। इस राशि को यतीमखाने में जमा किया गया और साथ ही बच्चों ने अपने हाथों से उन्हें तोहफे दिए, जो उनके लिए एक बड़ी खुशी का कारण बने। स्कूल प्रबंधन ने इस



पहल के माध्यम से यतीम बच्चों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया और इस कार्य को समाज में सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के रूप में देखा।इस गतिविधि ने बच्चों में दया और जिम्मेदारी का अहसास जगाया और एक सकारात्मक सामाजिक संदेश दिया। स्कूल के मैनेजमेंट और यतीमखाने के प्रबंधन ने इस पहल के लिए बच्चों का आभार व्यक्त किया और उन्हें खुशी से विदाई दी। इस एक्टिविटी का उद्देश्य न केवल यतीम बच्चों की मदद करना था बल्कि स्कूल के बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी और दया की भावना को भी बढ़ावा देना था।

# दिल्ली में हाउस टैक्स होगा माफ: MCD की AAP सरकार का फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली एमसीडी ने हाउस टैक्स माफ करने का फैसला किया है। एमसीडी में फिलहाल आप की सरकार है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद आप एमसीडी पर अपना पूरा ध्यान लगाती दिख रही है। आप के नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके हाउस टैक्स माफ करने का ऐलान किया है।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह, दुर्गेश पाठक, मेयर महेश खींची, डिप्टी मेयर रविंद्र भारद्वाज और नेता सदन मुकेश गोयल ने दिल्लीवालों को राहत देते हुए सोमवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसमें दिल्लीवालों के हित में एमसीडी सरकार द्वारा किए गए बड़े फैसलों की जानकारी दी गई है।




**दिल्ली में किसका होगा हाउस टैक्स माफ**

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि दिल्लीवालों को राहत देने के उद्देश्य से "आप" की एमसीडी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जो दिल्लीवाले वित्तीय वर्ष 2024-25 का हाउस टैक्स समय पर जमा करेंगे, उनका पिछला बकाया पूरा माफ कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा। 100 गज से छोटे मकानों का हाउस टैक्स भी माफ किया जाएगा। जिन घरों में दुकानें चल रही हैं, उनका भी हाउस टैक्स माफ किया जाएगा।

**300 हाउसिंग अपार्टमेंट्स का भी हाउस टैक्स 25 प्रतिशत माफ**

इसके अतिरिक्त, दिल्ली के 1300 हाउसिंग अपार्टमेंट्स का भी हाउस टैक्स 25 प्रतिशत तक माफ किया जाएगा।

दुर्गेश पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी की एमसीडी सरकार हमेशा जनता के लिए काम करती आई है। उन्होंने बताया कि पहले एमसीडी के कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह नहीं मिलती थी, लेकिन अब कर्मचारियों को हर महीने की पहली तारीख को सैलरी मिलने लगी है। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2025-26 में 100 से 500 गज के मकानों का हाउस टैक्स आधा किया जाएगा, जबकि 100 गज से छोटे मकानों का हाउस टैक्स पूरी तरह माफ किया जाएगा।

**आप नेताओं ने क्या कहा**

इस दौरान मेयर महेश खींची ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपनी सरकार में किए गए वादों को पूरा कर रही है। पिछले दो सालों में 8,000 से अधिक एमसीडी कर्मचारियों को स्थायी किया गया है और अब 12,000 और कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दिल्लीवालों को राहत देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में हाउस टैक्स को हाफ और माफ किया जा रहा है।

नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने एमसीडी में भ्रष्टाचार को समाप्त करने का वादा किया था और आज हाउस टैक्स को लेकर जो फैसले लिए गए हैं, उनसे भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट लगेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इस फैसले से दिल्लीवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और एमसीडी में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# बसपा कांग्रेस के साथ आ जाती तो तस्वीर कुछ और होती

## -राहुल गांधी ने की बसपा से गठबंधन पर बात

बरेली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने दलित छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान एक छात्र ने राहुल के सामने ही बहुजन समाज पार्टी (बसपा) चीफ मायावती की तारीफ, जिसके बाद कांग्रेस कांगेस नेता ने एक विस्फोटक बयान दिया। मालूम हो कि इस दौरान राहुल गांधी ने पहली बार आधिकारिक रूप से इस बात को स्वीकारा कि उन्होंने मायावती को कांग्रेस के साथ आने का प्रस्ताव दिया था। मगर इस प्रस्ताव को मायावती ने ठुकरा दिया।





**छात्र और राहुल के बीच क्या बातचीत हुई?**

दरअसल, हुआ ये कि रायबरेली में राहुल गांधी से बातचीत के दौरान एक दलित युवा ने कहा कि 'कांशीराम (बसपा के संस्थापक) ने दलितों के लिए काम किया, जिसके बाद मायवती के द्वारा उनके काम को बढ़ाया गया जो दलितों के लिए काम कर रही हैं। इस पर जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, "मायावती ठीक से चुनाव क्यों नहीं लड़ रही हैं? हमने उनसे साथ में आने को कहा था लेकिन वह नहीं आईं। अगर तीनों साथ में आते तो बीजेपी हार जाती।"

मालूम हो कि ऐसा पहली बार है जब कांग्रेस के किसी बड़े नेता ने खुलकर मायावती को ऑफर देने की बात कही है। गौरतलब है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा और कांगेस ने इंडिया गठबंधन के तहत यूपी में चुनाव लड़ा था और बड़ी जीत हासिल की थी। लोकसभा चुनाव से पहले सपा के कई वरिष्ठ नेता मायावती को इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं करने की बात करते थे। मगर अब इंडिया गठबंधन के बड़े नेता राहुल गांधी ने मायावती को दिए गए ऑफर का खुलकर जिक्र किया है। राहुल गांधी का मानना है कि मायावती सही से चुनाव नहीं लड़ रही हैं। राहुल ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में बसपा की सिर्फ एक सीट आई थी, जबकि लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता तक नहीं खुला था। वहीं, अभी हालिया दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालात खराब रही थी। दूसरी तरफ राहुल गांधी का यह भी मानना है कि अगर लोकसभा चुनाव में बसपा कांगेस के साथ आ जाती तो तस्वीर कुछ और ही होती। अब आने वाला वक्त ही बताएगा कि राहुल के इस बयान के क्या मायने हैं? साथ ही अब सियासी गलियारों में यह भी चर्चा उठ चली है कि क्या कांग्रेस आने वाले दिनों में बसपा के साथ गठबंधन करेगी?

# समान नागरिक संहिता: विविधता और समानता के बीच संतुलन की चुनौती

समान नागरिक संहिता (UCC) भारत में एक संवेदनशील और बहस का विषय है। इसे समानता और आधुनिकता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया जा रहा है, लेकिन इसके संभावित प्रभाव भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक ताने-बाने पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। UCC का लागू होना न केवल अल्पसंख्यकों बल्कि बहुसंख्यक समुदाय के लिए भी कई चुनौतियां पैदा कर सकता है।

**भारत की विविधता और UCC का प्रभाव**

भारत की पहचान उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता में है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में 79.8% हिंदू, 14.2% मुस्लिम, 2.3% ईसाई, 1.7% सिख और अन्य समुदाय रहते हैं। हर समुदाय अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार व्यक्तिगत कानूनों का पालन करता है। UCC का लागू होना संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत दिए गए धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना जा सकता है। मुस्लिम समुदाय के लिए यह शरीयत आधारित व्यक्तिगत कानूनों को छोड़ने की मजबूरी बन सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक स्वतंत्रता पर खतरा मंडराएगा।

**बहुसंख्यक और आदिवासी समुदायों पर प्रभाव**

यह समस्या केवल मुस्लिम समुदाय तक सीमित नहीं है। हिंदू संयुक्त परिवार (HUF) के तहत मिलने वाले कर लाभ और संपत्ति के बंटवारे की परंपरा पर भी UCC का असर पड़ेगा। 2020-21 में, HUF के तहत 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का कर लाभ लिया गया था। इसके अलावा, क्षेत्रीय विवाह प्रथाएं और मंदिरों के रीति-रिवाज भी प्रभावित हो सकते हैं।

आदिवासी और उत्तर-पूर्वी समुदायों पर भी UCC का नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारत में 10.4 करोड़ से अधिक आदिवासी (कुल जनसंख्या का 8.6%) हैं, जिनके अपने प्रथागत कानून हैं। UCC को इन पर थोपने से असंतोष और अलगाववादी भावनाएं बढ़ सकती हैं।

**महिलाओं के अधिकार और UCC**

UCC को अक्सर महिलाओं के अधिकारों को मजबूत करने के दावे के साथ जोड़ा जाता है। लेकिन यह दावा पूरी तरह से सही नहीं है। मुस्लिम महिलाओं के लिए मेहर और विरासत जैसे प्रावधान आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हैं, जबकि हिंदू महिलाओं के लिए क्षेत्रीय कानूनों में मौजूद सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

**राजनीतिक और न्यायिक प्रभाव**

UCC लागू करने से न्यायपालिका पर भारी बोझ पड़ेगा। पहले से ही 4.5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं, और UCC से नए विवाद बढ़ेंगे। इसके अलावा, इसे राजनीतिक ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में भी देखा जाता है, जो समाज में विभाजन और असंतोष को बढ़ावा दे सकता है।



भारत की ताकत उसकी विविधता में है। समान नागरिक संहिता का विचार भले ही समानता और आधुनिकता की दिशा में एक कदम प्रतीत हो, लेकिन इसे लागू करने के लिए भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक संरचना को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यह जरूरी है कि किसी भी सुधार को लागू करने से पहले सभी समुदायों की चिंताओं और परंपराओं का सम्मान किया जाए।

**डॉ. मोहम्मद शोएब**
**(प्रदेश सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी, राजस्थान)**

# अगवान राइडर की शानदार जीत




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आहंगरान (लौहार) प्रीमियर लीग के बेनर तले अगवान राइडर ने क्रिकेट मैच के चौथा सीजन में शानदार जीत हासिल की, मैच रविवार 23 फरवरी को लूनियावास स्थित बारवाल क्रिकेट ग्राउंड में खेला गया। पाली पैंथर और अगवान राइडर के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। अगवान राइडर ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद, मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद, मेडल और ट्रॉफी दी गई। मुख्य अतिथि राजस्थान कांग्रेस के सचिव मुहम्मद और राजस्थान क्रिकेट एकेडमी के धर्मवीर शेखावत रहे। इस दौरान मुहम्मद शोएब ने विजेता टीम को 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया। फाइनल में मैन ऑफ द मैच कुतुबुद्दीन केडी रहे। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मोहसिन खान को मिला। टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया।












मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए श्रीराम ऑफसेट, 6-शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड़, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित।
संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com